TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-21 | मूल्य ₹7 | सोमवार | दिनांक- 20.07.2026



पति से नाराज महिला यमुना में कूदी (पेज-3)


## सोनम को निजी अस्पताल ट्रांसफर करने की मांग खारिज

### परिवार को 24×7 घंटे में मुलाकात की इजाजत

एजेंसी, नई दिल्ली।



सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो की उस याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने रविवार को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि उन्हें सफदरजंग अस्पताल से किसी प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष लेते हुए कहा कि एक्टिविस्ट के शरीर पर अपने अधिकार (बॉडीली ऑटोनॉमी) का उल्लंघन नहीं हुआ है और सरकार का उन्हें वहां शिफ्ट करने का फैसला उनकी बिगड़ती सेहत की वजह से था, न कि मनमाना।मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

शनिवार को भूख हड़ताल के 21वें दिन दिल्ली पुलिस वांगचुक को जंतर-मंतर से सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। वांगचुक 28 जून से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के विरोध में भूख हड़ताल कर रहे थे। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पुष्करणा ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर वांगचुक की लगातार निगरानी कर रहे हैं, और यह नहीं कहा जा सकता कि उनके खिलाफ किसी प्रकार की जबरदस्ती की जा रही है। ¬

यायाधीश ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाकर सफदरजंग अस्पताल ले जाए जाने की कार्रवाई को मनमाना नहीं कहा जा सकता।

# कुछ तो डरो गिरिराज जी से, परिक्रमा मार्ग से ही 'चुरा' रहे हैं मिट्टी

- मुडिया मेला के लिए परिक्रमा मार्ग पर तैयारियों में ही गिरिराज के भक्तों से छल
- एक-एक ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी को पलटा जा रहा है चार-चार जगह, बिछाई जा रही नाममात्र की परत
- पत्थर हो चुका है कच्ची परिक्रमा मार्ग, दुखते हैं परिक्रमार्थियों के पांव

राजेश मिश्रा



गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग पर ट्रॉली से उडेली जा रही मिट्टी।



परिक्रमा मार्ग पर इस तरह के कई गड्ढे बने हुए हैं। ये कब भरे जाएंगे।

**गोवर्धन (मथुरा)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपी तो अपना चेहरा भी नहीं दिखा पा रहे हैं लेकिन, इन्हें तो शर्म भी नहीं आ रही है। इनका हार्दिक दुस्साहस तो देखिए, गिरिराज जी के भक्तों की सहूलियत के लिए परिक्रमा मार्ग पर बिछाई जा रही मिट्टी में भी चोरी कर रहे हैं। एक-एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चार-चार जगह उड़ेला जा रहा है और नाममात्र की मिट्टी बिखेरी जा रही है।

प्रशासनिक दृष्टि से मुड़िया मेला 23 जुलाई से शुरू हो रहा है लेकिन, स्थानीय लोगों का मानना है कि श्रद्धालुओं की भीड़ एकादशी यानी 25 जुलाई से ही आना शुरू हो पाएगी। मुडिया मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन निरंतर सक्रिय है। परिक्रमा लगाते समय श्रद्धालुओं के पांवों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए परिक्रमा मार्ग पर मिट्टी बिछाई जा रही है। मुख्य सड़क के दायीं ओर कच्चा परिक्रमा मार्ग है। अधिकांश श्रद्धालु नंगे पैर इसी पर परिक्रमा करते हैं। यहां की मिट्टी लगभग पत्थर हो चुकी है, इसलिए प्रशासन ने इस पर अतिरिक्त मिट्टी की मोटी परत बिछाने का कार्य शुरू कराया है। परिक्रमा के दौरान देखने में आया कि मिट्टी के छोटे-छोटे ढेर लगे हुए थे। ट्रैक्टरों की कतारें मिट्टी से भरी ट्रॉलियां खाली कर रही थीं। कुछ जगह ये अतिरिक्त मिट्टी बिखरी हुई थी, लेकिन इतनी हल्की परत थी कि पुरानी मिट्टी स्पष्ट नजर आ रही थी। ऐसी अतिरिक्त मिट्टी किसी काम नहीं थी। ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आए एक युवक से हमने पूछा भी कि कितनी मोटी परत की मिट्टी बिछाई जा रही है। उसका कहना था कि हमें कुछ नहीं मालूम। हमें तो जैसा बताया गया है, वैसा कर रहे हैं। पूरे परिक्रमा मार्ग पर कहीं भी कोई जिम्मेदार नहीं मिला जो अतिरिक्त मिट्टी बिछाने या बिखेरने की देखभाल कर रहा हो।

### डाक्टर बताते हैं, चलने के लिए 3 से 4 इंच गहरी और मुलायम हो मिट्टी

चिकित्सक बताते हैं कि नंगे पैर चलने के लिए कच्ची मिट्टी की कोई सटीक मोटाई तय नहीं है। लेकिन, पैर में दर्द न हो, इसके लिए मिट्टी कम से कम 3 से 4 इंच गहरी और मुलायम होनी चाहिए। यह मोटाई तलवों के दबाव को समान रूप से बांटती है। एड़ियों व तलवों पर कठोर सतह का दबाव नहीं पड़ने देती। मुलायम और कच्ची मिट्टी पैरों के प्राकृतिक वक्र के अनुसार दब जाती है, जिससे तलवों में मौजूद एक्यूप्रेशर पॉइंट्स की अपने आप मालिश हो जाती है और रक्त संचार बेहतर होता है। तेज चलने के बजाय सामान्य गति से चलें ताकि पैर की मांसपेशियों को नई सतह के अनुकूल होने का समय मिल जाए।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन की तैयारी

### 9 अगस्त को 'कारसेवा' के लिए हिंदू महासभा का शंखनाद

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अखिल भारत हिंदू महासभा ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को तेज करते हुए आगामी 9 अगस्त को 'कारसेवा' का ऐलान किया है। इस आंदोलन को संतों का समर्थन प्राप्त है। इसे लेकर आगरा में हिंदू महासभा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इसी क्रम में रविवार को आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर के नेतृत्व में विशाल आमंत्रण यात्रा निकाली गई। यमुना किनारा स्थित हाथी घाट से लड्डू गोपाल की प्रतिमा के साथ शुरू हुई इस यात्रा में कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक हथौड़ा, कुदाल, फावड़ा और तसला लेकर प्रदर्शन किया।

### अयोध्या की तरह मथुरा में भी संघर्ष की जरूरत

हिंदू महासभा के वरिष्ठ नेता अवतार सिंह ने कहा कि अयोध्या की तरह ही अब मथुरा में भी संघर्ष की आवश्यकता है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना जरूरी है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि भगवान कृष्ण की पावन नगरी में अन्य धार्मिक ढांचों का कोई स्थान नहीं है।

कार्यक्रम संयोजक नंदू कुमार के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा हाथी घाट से शुरू होकर जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम जी मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "श्रीकृष्ण लाल हम आएंगे, मंदिर भव्य बनाएंगे" और "9 अगस्त को मथुरा चलो" जैसे उद्घोषों के साथ आगरा की जनता को कारसेवा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और जनसंपर्क अभियान के तहत निमंत्रण पत्र बांटे। इस अवसर पर मीरा राठौर, नीतू ठाकुर, निशा ठाकुर, नंदू कुमार, नितेश भारद्वाज, मनीष कुमार, सिकंदर, बबलू निषाद, केसब कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### संतों का आदेश सर्वोपरि, बलिदान के लिए तैयारः मीरा राठौर

जिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने हुंकार भरते हुए कहा कि मथुरा में संतों के आह्वान पर 9 अगस्त को आगरा से हजारों कार्यकर्ता मथुरा कूच करेंगे। "यदि संतों का आदेश मिला, तो शाही ईदगाह की गुंबद पर पहला हथौड़ा मीरा राठौर चलाएगी। इस कार्य के लिए यदि मुझे जेल जाना पड़ा या प्राणों की आहुति भी देनी पड़ी, तो मैं पीछे नहीं हटूँगी।"

### संसद मार्च को लेकर टकरावः वांगचुक की पत्नी करेंगी प्रदर्शन की अगुवाई

**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन और 20 जुलाई (सोमवार) को होने वाले 'संसद मार्च' को लेकर राजधानी दिल्ली में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। एक तरफ जहां सोनम वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने अस्पताल से ही कल के मार्च में शामिल होने और प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने का एलान किया है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने साफ कर दिया है कि इस मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक की स्थिति पर बात करते हुए उनकी पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने कहा कि मैं कल के विरोध प्रदर्शन में निश्चित रूप से उनका (सोनम का) प्रतिनिधित्व करूंगी और मार्च में शामिल होंगी। हमने आज एक तत्काल याचिका भी दायर की थी, क्योंकि अगर हमें आज अस्पताल शिफ्ट करने की अनुमति मिल जाती, तो हम मेदांता जाकर कल सुबह तक प्रदर्शन स्थल पर पहुंच सकते थे। लेकिन हम जानते थे कि वे (प्रशासन) इसकी इजाजत नहीं देंगे।

# आगरा में पेयजल संकट का अलार्म बजा

- जिले में बेहिसाब हो रहे जल दोहन से बढ़ेगी दिक्कत
- भूगर्भ जल विभाग की प्री-मानसून रिपोर्ट ने चौंकाया
- गंगाजल और अमृत सरोवरों के बाद भी दो मीटर गिरा भूजल स्तर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजनगरी में पानी को सहेजने के तमाम दावों और जल संरक्षण की बड़ी योजनाओं के बावजूद भूजल स्तर का संकट गहराता जा रहा है। भूगर्भ जल विभाग की प्री-मानसून जांच रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। शहर से लेकर देहात तक पानी के बेतहाशा दोहन के कारण भूजल स्तर में बीते साल के मुकाबले दो मीटर तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह भयावह स्थिति तब है। जब शहरी क्षेत्र के हजारों घरों को गंगाजल योजना से जोड़ने का दावा किया जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवरों व स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए गए हैं। जल स्तर में आ रही यह लगातार गिरावट आगामी दिनों में आगरा के लिए बड़े पेयजल संकट का अलार्म बजा रही है।

भूगर्भ जल विभाग के सीनियर जियोफिजिस्ट शशांक सिंह के अनुसार, प्री-मानसून के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। शहर के पुराने और घने इलाकों जैसे नुनिहाई, आगरा कॉलेज और आरबीएस कॉलेज में पानी का दोहन सबसे ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, कमला नगर, फतेहाबाद रोड, ग्वालियर रोड और बिचपुरी रोड की ओर उन चुनिंदा जगहों पर जलस्तर में कुछ आंशिक सुधार देखा गया है। जहां विभाग ने खुद सक्रिय रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए हैं। लेकिन अधिकांश शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राफ तेजी से नीचे गिरा है। इस जल संकट को लेकर सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष शिरोमणि सिंह ने नगर प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बताया कि दो साल पहले शहर के प्राथमिक विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उनमें से एक भी सिस्टम आज कारगर साबित नहीं हो रहा है। जिन 2700 से ज्यादा स्कूलों में कागजों पर हार्वेस्टिंग चालू दिखाई गई है, वहां हकीकत में छत से नीचे तक पानी उतारने के लिए पाइप ही नहीं लगे हैं और न ही जमीन के भीतर कोई सोख्ता गड्ढा खोदा गया है।



### एडीए खुद दिखा रहा नियमों को ठेंगा

नियमों के अनुसार आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा हर नई व्यावसायिक इमारत का नक्शा पास करते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग की कड़ी शर्त रखी जाती है। परंतु व्यावहारिक स्तर पर बिल्डरों द्वारा यह केवल नक्शा पास कराने की औपचारिकता मात्र बनकर रह गई है। इमारतों में लगे ये सिस्टम रखरखाव के अभाव में पहले ही साल चोक होकर पूरी तरह बंद हो जाते हैं। इससे बारिश का अमूल्य पानी पाताल तक पहुंचने के बजाय नालियों में बर्बाद हो जाता है। यदि इस लापरवाही को तुरंत नहीं रोका गया, तो गहरे बोरिंग फेल होने लगेंगे। जिससे न केवल पीने के पानी की किल्लत होगी, बल्कि सबमर्सिबल चलाने के लिए डीजल व बिजली की खपत बढ़ेगी और देहात में सिंचाई न होने से फसलें पूरी तरह तबाह हो जाएंगी।

### रोहित का शतक, मगर भारत ने 27 रन से गंवाया मैच

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए 'हाई स्कोरिंग' मुकाबले को 27 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है।इतिहास टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 3 विकेट गंवाकर 387 रन जड़े। बेन डकेट ने जैकब बेथेल के साथ पहले विकेट के लिए 181 गेंदों में 192 रन की साझेदारी करते हुए मेजबान टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। बेथेल 93 गेंदों में 2 छक्कों और 11 चौकों के साथ 91 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डकेट ने जो रूट के साथ दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों में 101 रन जुटाकर टीम को 293 के स्कोर तक पहुंचा दिया। डकेट 135 गेंदों में 19 बाउंड्री के साथ 141 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

# राजौरी-पुंछ फ्लैश फ्लड में 10 की मौत

एजेंसी, श्रीनगर/डलहौजी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन ने भयानक तबाही मचा दी है। मौतों का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। सबसे ज्यादा नुकसान सुरनकोट में हुआ है, जहां एक ही परिवार के 6 सदस्यों समेत 9 लोगों की जान चली गई। हवेली में एक व्यक्ति की मौत हुई। कई लोग अभी भी लापता हैं।

बचाव अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भी भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं, जहां पूरा पहाड़ सड़क पर गिर गया। केंद्र सरकार ने पूरे मामले पर नजर रखते हुए मदद का भरोसा दिया है। पुंछ जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने कई इलाकों को तबाह कर दिया। सुरनकोट क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक परिवार के 6 सदस्य शामिल हैं। हवेली इलाके में भी एक मौत हुई और कम से कम 7 घर क्षतिग्रस्त हो गए। मंडी क्षेत्र में भी संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# योगी का मास्टरस्ट्रोक: 2027 यूपी चुनाव से पहले लोधेश्वर कोरिडॉर की नींव, पीडीए को जवाब?

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार, 20 जुलाई को लोधेश्वर महादेव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। यह कदम राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी कल उस जगह का दौरा करेंगे और बाराबंकी में कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे। यूपी सरकार का लक्ष्य चुनावों से पहले लोधेश्वर महादेव मंदिर कॉरिडोर का काम पूरा करके उसका उद्घाटन करना है। माना जा रहा है कि इस कॉरिडोर के जरिए बीजेपी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की पीडीएम राजनीतिक रणनीति में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है।

यह कॉरिडोर लगभग 20 बीघा (5,40,000 वर्ग फुट) जमीन पर बनेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए रास्ता बनाने के मकसद से मंदिर के आस-पास के 127 घरों और दुकानों को हटा दिया गया है। बुलडोजर का इस्तेमाल करके अवैध कब्जे हटाए गए, जबकि जिन मालिकों के पास प्रॉपर्टी के सही कागजात थे, उन्हें उनके घर और दुकानें तोड़े जाने से पहले मुआवजा दिया गया। इन प्रॉपर्टीज को खाली कराने और तोड़ने के लिए मुआवजे के तौर पर लगभग 48 करोड़ रुपये दिए गए।

इस कॉरिडोर में मंदिर के चारों ओर परिक्रमा का रास्ता, भव्य प्रवेश द्वार, विश्राम गृह, क्लॉक रूम और तीर्थयात्रियों के लिए शौचालय जैसी सुविधाएं होंगी। इस प्रोजेक्ट के तहत पास के अमृत सरोवर को भी सुंदर बनाया जाएगा। सरकार ने कॉरिडोर बनाने के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। इस कॉरिडोर के विकास के जरिए लोधेश्वर महादेव मंदिर को धार्मिक पर्यटन के एक बड़े केंद्र के रूप में बदलने की योजना है। योगी सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट से बाराबंकी और आस-पास के ज़िलों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय व्यवसायों और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है। साथ ही, श्रद्धालुओं को पहले से कहीं बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मथुरा ज़िले में बांके बिहारी कॉरिडोर पर भी काम चल रहा है। यह प्रोजेक्ट मंदिर में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने के मकसद से शुरू किया गया था।

# अनाथ और जरूरतमंद बच्चों का सहारा बनी योगी सरकार

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत हर महीने मिलेंगे 2500

- माता-पिता को खो चुके बच्चों को मिलेगी आर्थिक सहायता
- बाल श्रम और भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों का भी संवरेगा भविष्य

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के अनाथ, बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों के सुरक्षित भविष्य एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)' के तहत पात्र बच्चों और किशोरों को भरण-पोषण तथा शिक्षा के लिए 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जनपद में इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




### बेसहारा हुए बच्चों और किशोरों को मिलेगा लाभ

योजना का लाभ मुख्य रूप से उन बच्चों को दिया जा रहा है जिन्होंने 1 मार्च 2020 के बाद कोविड या अन्य किसी भी कारण से अपने माता-पिता दोनों, या दोनों में से किसी एक अथवा अपने वैध अभिभावक को खो दिया है। इसके अलावा 18 से 23 वर्ष की आयु के ऐसे किशोर भी इस योजना के पात्र माने गए हैं, जो माता-पिता को खोने के बाद कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी कर किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय, विश्वविद्यालय या तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे हैं।

### आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू

समाज को सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल वेश्यावृत्ति जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराकर मुख्यधारा में शामिल किए गए बच्चों को भी इस योजना से जोड़कर एक बड़ी राहत दी है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को आधिकारिक वेब पोर्टल mbsyup.in पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन दर्ज कराना होगा। आवेदन करते समय मुख्य दस्तावेजों के रूप में माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, बच्चे का आधार कार्ड और शैक्षणिक अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य है।

### अनाथ व जरूरतमंद बच्चों को मिल रहा आर्थिक संबल

जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के माध्यम से शासन की मंशा अनाथ व जरूरतमंद बच्चों को मजबूत आर्थिक संबल प्रदान करना है। आवेदकों को यह विशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी का बैंक खाता डीबीटी और एनपीसीआई से लिंक होना अनिवार्य है। यदि किसी आवेदक को योजना से संबंधित कोई विस्तृत जानकारी चाहिए, आवेदन में कोई समस्या आ रही हो या कोई अन्य पूछताछ करनी हो, तो वे किसी भी कार्यदिवस में विकास भवन स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सुविधा के लिए विभाग के मोबाइल नंबर 7518024061 पर भी सीधे संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper

आगरा, सोमवार
20 जुलाई 2026



# बिजली कटौती पर आत्मदाह की कोशिश

## कागारौल में दुकानदारों का धरना, बिजलीकर्मियों को हटाने की मांग

टीएनएफ टुडे, कागारौल/आगरा।

विद्युत उपकेंद्र कागारौल से पोषित कस्बे में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान एक दुकानदार ने रविवार को धरना प्रदर्शन के दौरान आत्मदाह की कोशिश की। किसी तरह लोगों ने उसकी जान बचाई। जर्जर तारों में आए दिन हो रहे फाल्ट, ओवरलोड से ट्रांसफार्मर में आग लगने के चलते हो रही परेशानियों के कारण ग्रामीणों और दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने बाजार बंद कर बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कस्बे के रघुनाथ जी मन्दिर प्रांगण में धरने पर बैठने के बाद बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। उन्होंने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कस्बे के गिर्राज वर्मा (65 वर्ष) ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह की कोशिश की। किसी तरह ग्रामीणों ने उनके हाथ से ज्वलनशील पदार्थ की बोतल को छीनकर बचाया। सूचना पर पहुंचे



अधिशासी अभियंता रामसेवक राव व उपखण्ड अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी लोग उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। नाराज ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। अधिशासी अभियंता रामसेवक राव ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को सात दिन में व्यवस्थाएं सुधारने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। नाराज ग्रामीणों ने अवर अभियंता हरीश कर्दम पर सरकारी नम्बर को न उठाने का आरोप लगाया। अवर अभियंता, संविदा कर्मचारी नागेंद्र इंदौलिया व हरवीर सिंह को हटाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने दक्षिणाँचल विधुत वितरण निगम के मुख्य प्रबंध निदेशक के नाम आठ सूत्रीय मांगपत्र अधिशासी अभियंता को दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे में दशकों से बंच केबल को बदला नहीं गया है। पूरे कस्बे में जर्जर बंच केबिलों का जाल बुना हुआ है, जिसमें आए दिन फाल्ट हो जाता है। कभी आग लग जाती है, जिसके कारण कस्बे की बिजली गुल हो जाती है। जर्जर विद्युत पोल से खतरा बना रहता है। दो दिन पहले कस्बे के विश्रामपुर मार्ग पर रखे ट्रांसफार्मर में आग लग गई और आधे कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिससे कस्बा के लगभग चार हजार लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। अवर अभियंता हरीश कर्दम ने बताया कि उनके पास कागारौल के अतिरिक्त नगला कमाल, जगनेर व तांतपुर के विधुत उपकेंद्र का भी चार्ज है। चारों विधुत उपकेंद्र के सरकारी नम्बर के फोन भी उन्ही के पास है, इसलिए सभी के कॉल का रिप्लाई दे पाना संभव नहीं हो पाता है। धरना प्रदर्शन में प्रधानपति बच्चू सिंह सोलंकी, धनवीर सिंह सोलंकी, मदन मोहन गोयल, अचल रावत, विजयवीर सिंह चाहर, शिवकुमार गर्ग, डॉ. सतीश गोयल, मेधराज सोलंकी, राहुल जोशी, रजत रावत, राधेश्यााम सिंघल, अंकित सिंघल, सुनीता, ममता, राधा, बबली, लक्ष्मी, आशा, तुलसा, रजनी, मालती, प्रेमवती इत्यादि महिला पुरुष शामिल रहे।



**महिलाओं ने की सड़क जाम करने की कोशिश**

धरना प्रदर्शन के दौरान गुस्साई महिलाएं सड़क पर बैठ गई और सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने आक्रोषित महिलाओं को किसी प्रकार सड़क से हटाया और यातायात को सुचारु किया। मौके पर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को अभिलम्ब समस्या का समाधान करने को कहा।

## सलेमपुर धनगर में जलभराव बना मुसीबत

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर धनगर में ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बारिश के बाद गांव के मुख्य मार्ग पर हुए भारी जलभराव और कीचड़ से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते पर दलदल जैसी स्थिति होने के कारण स्कूली बच्चों और बुजुर्ग आए दिन कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर धनगर में गांव के मुख्य मार्ग के पास तालाब स्थित है। बारिश के चलते तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गया। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान द्वारा पानी की निकासी तो करा दी गई, लेकिन रास्ते पर कीचड़ बना हुआ है। जलभराव के कारण रास्ते से पैदल गुजरना भी दूभर हो गया है, ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का



आरोप है कि रास्ते पर लंबे समय से जमा पानी और कीचड़ के कारण अब गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने तथा मार्ग ठीक कराने की मांग की है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, शैलेंद्र, योगेंद्र, भागीरथ, नरेंद्र सिंह, बचन सिंह, योगेश, प्रताप सिंह एवं श्रीकृष्ण सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना निबोहरा क्षेत्र में राशन कार्ड बनवाकर घर लौट रहे युवक के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान गंभीर चोट आई है। घायल को एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में भर्ती कराया गया, थाने में तहरीर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र भगवान सिंह निवासी रैंका, बाह ने थाना निबोहरा में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे बहनोई रमाकांत पुत्र मवासी निवासी गढ़ी केसरी दिल्ली में हलवाई का करते हैं। चार पांच दिन पहले गांव आए थे। 17 जुलाई को फतेहाबाद राशन कार्ड बनवाकर रात्रि दस बजे घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में अज्ञात लोगों के द्वारा जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों, सरिया से हमला कर जमीन पर गिराकर मारपीट की गई। इस दौरान रमाकांत को सिर और पैरों आंखो में गंभीर चोटें आई हैं। हालत गंभीर होने पर आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवती से दुष्कर्म का वीडियो वायरल

## इरादतनगर थाना क्षेत्र की घटना, दो हिरासत में

टीएनएफ टुडे, आगरा।

इरादतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब 18 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म और वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। घटना करीब 1 महीने पुरानी बताई जा रही है। रविवार को वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और पीड़िता से संपर्क कर तहरीर ली।

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने गांव के ही दो युवकों छोटा और विशाल पर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी छोटा उसे खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान दूसरे आरोपी विशाल ने घटना का वीडियो बना लिया। आरोप है कि बाद में उसी वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। सामने आए वीडियो में युवती रोते हुए दिखाई दे रही है। वह सामने खड़े युवक से छोड़ देने की गुहार लगा रही है। वीडियो में दो



युवक आपस में बातचीत करते भी सुनाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार वीडियो करीब 1 महीने पुराना है।

डीसीपी ईस्ट अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिलते ही इरादतनगर थाना पुलिस ने जांच शुरू की और पीड़िता तक पहुंची। शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। उनकी भूमिका के संबंध में भी पीड़िता से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दरगाह परिसर में गिरकर घायल हुई विदेशी महिला पर्यटक

### प्राथमिक उपचार के बाद परिवार संग रवाना

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।

विश्व धरोहर स्मारक हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर रविवार सुबह लगभग 11 बजे भ्रमण के दौरान एक विदेशी महिला पर्यटक फिसलकर गिर गई, जिससे वह घायल हो गई। मौके पर मौजूद गाइड एवं एस आई एस सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से महिला को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल से आया तीन सदस्यीय पर्यटक परिवार फतेहपुर सीकरी स्मारक का भ्रमण कर रहा था। परिवार के साथ अधिकृत गाइड मेहराज कुरैशी भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान महिला पर्यटक नोगा कोहेन, पत्नी उरी कोहेन, दरगाह परिसर में अचानक गिर गईं, जिससे उन्हें चोट लग गई।

घटना की जानकारी मिलते ही



गाइड मेहराज कुरैशी ने विभागीय सिक्योरिटी इंचार्ज मुकेश यादव, टूर एजेंट आरिफ सलमानी तथा गोल्फ कार्ट स्टाफ को तत्काल सूचना दी। इसके बाद सर्किल ऑफिसर दिलीप सिंह के निर्देशन में सिक्योरिटी कमांडर मुकेश यादव मौके पर पहुंचे और महिला पर्यटक को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई। उपचार के उपरांत महिला अपने परिवार के साथ आगरा के लिए रवाना हो गई।

## खेत की मेड को जबरन काटकर जोतने का आरोप, पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र, कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर सीकरी** । थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोसौली में पुरखों के समय की पड़ी पुरानी खेत की मेड को गांव के ही वीरेंद्र वशिष्ठ पुत्र नेकराम पर जबरन काटकर अपने खेत में मिला लेने का आरोप लगाते हुए ग्राम बसीर चाहर निवासी नरेश चंद व ग्राम रजौली निवासी किसान नरेश पुत्र नत्थी सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त व्यक्ति के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है।

उक्त किसानों का आरोप है कि वीरेंद्र वशिष्ठ आए दिन खेत की मेड काट लेता है विरोध करने पर भद्दी-भद्दी गालियां देता है पुलिस ने जांच के बाद किसानों को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## किरावली चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस व सिग्नल सिस्टम जल्द लगेगा-विधायक चौधरी बाबूलाल

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।

विधायक चौधरी बाबूलाल ने आगरा पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर किरावली चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती एवं ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों और पर्यटकों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक ने अपने पत्र में बताया कि फतेहपुर सीकरी एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन ताजमहल देखने आने वाले हजारों देशी-विदेशी पर्यटक राष्ट्रीय राजमार्ग-11 (आगराझफतेहपुर सीकरी मार्ग) से होकर पहुंचते हैं। इस मार्ग पर स्थित किरावली कस्बा घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां अनाज मंडी और तहसील मुख्यालय होने के कारण दिनभर भारी यातायात रहता है।



उन्होंने कहा कि किरावली चौराहे पर अक्सर भीषण जाम लग जाता है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों का भी काफी समय बर्बाद होता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने पुलिस आयुक्त से चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती और ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित कराने का अनुरोध किया है।

विधायक बाबूलाल ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर इस महत्वपूर्ण चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों और पर्यटकों दोनों को राहत मिलेगी।

## छीपीटोला आगरा में आयोजित जैन धर्म पर आधारित शानदार सत्र आधिकारिक रूप से शुरू

टीएनएफ टुडे, आगरा।

निर्मल सेवा सदन, छीपीटोला आगरा में आयोजित जैन धर्म पर आधारित शानदार सत्र आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य युवा सोच को प्रेरित करना और जैन दर्शन, मूल्यों, आध्यात्मिकता तथा आत्म-विकास के मार्ग की गहरी समझ प्रदान करना है। आज युवा एवं युवतियों और पुरुष एवं महिलाओं को वंडरफुल जैनिज्म के बारे में बताया आज के प्रवचन में मानो आज ऐसा लग रहा था जैसे आगरा के युवाओं में बच्चों में और बड़ों में एक ऐसा उत्साह भर गया जैसे किसी ने एनर्जी ड्रिंक दे दी हो संयुक्त धर्म सभा मे बोलते हुए पूज्य मुनि श्री 108 समत्व सागर जी महाराज द्वारा मार्गदर्शित एक बेहद लोकप्रिय आध्यात्मिक और प्रेरक पहल है। यह आधुनिक समाज, विशेषकर युवाओं को जैन दर्शन के माध्यम से संतुलित जीवन जीने की कला सिखाई हैं युवाओं पर विशेष ध्यानः कॉरपोरेट पृष्ठभूमि से होने के कारण मुनि श्री आज के युवाओं की भाषा और उनकी मानसिक उलझनों (जैसे डिप्रेशन, करियर का तनाव, रिश्तों में दूरी) को गहराई से समझते हैं। दैनिक जीवन के व्यावहारिक सूत्रः उनके विशेष सत्रों में 'क्रोध प्रबंधन', रात्रि भोजन त्याग के वैज्ञानिक लाभ, और दिखावे की



जिंदगी से दूर रहने के व्यावहारिक उपाय बताए जाते हैं प्रवचन श्रृंखला और समाधानः मुनि श्री द्वारा विशेष आध्यात्मिक सत्रों के माध्यम से लोगों की शंकाओं का तार्किक और सरल समाधान किया जाता है ₹पैसा, शरीर और दिखावा... फिर भी शांति नहीं! क्यों

आज इंसान पूरा जीवन नाम, पैसा और दिखावे के पीछे भाग रहा है... सोचता है - ₹जब करोड़पति बन जाऊँगा तब शांति मिलेगी...₹ लेकिन सच्चाई क्या है, जिनके पास सब कुछ है, वो भी तनाव और डिप्रेशन में हैं हम जिम के लिए सुबह 5 बजे उठ सकते हैं, लेकिन भगवान और गुरु के लिए समय नहीं निकाल पाते सोचिए, हम क्या खो रहे हैं और क्या पा रहे हैं ' मंच संचालन विजय जैन शास्त्री जी ने किया ' पूज्य मुनि श्री समत्व सागर जी ने ही तो आज इन बच्चों युवाओं और बड़ों को एनर्जी ड्रिंक दी

इस मौके पर श्रुत मंथन वषायोग समिति के मनोज जैन, मुरारी लाल जैन, अनिल जैन,रमेश जैन, मुकेश जैन, सतेंद्र जैन, राजीव जैन, आशीष जैन आशु जैन, चक्रेश जैन, रोहित जैन, विवेक जैन अनिकेत जैन, आदिश जैन गौरव जैन, सचिन जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन समस्त नमोस्तु शासन संघ एवं समस्त मंडल एवं सकल जैन मौजूद था।



## उटंगन नदी में मिला छात्रा का शव,17 जुलाई से थी लापता, गुमशुदगी दर्ज कराई थी

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

थाना क्षेत्र के डूंगरवाला गांव के पास उटंगन नदी में पानी से भरे गहरे गड्ढे में रविवार दोपहर एक छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया।

जांच में सामने आया कि छात्रा 17 जुलाई से लापता थी। उसके परिजन रविवार सुबह करीब 10 बजे थाना खेरागढ़ में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे थे। इसी दौरान करीब 11:50 बजे पुलिस को उटंगन नदी में एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली। बाद में शव की पहचान लापता छात्रा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## ओवरलोड डंपर और अवैध खनन में ट्रैक्टर सीज

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

शनिवार देर रात्रि सैया चेक पोस्ट पर आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे ने एक डंपर को गिट्टी का ओवरलोड परिवहन करते हुए बिना आवश्यक प्रपत्रों के पकड़ा। मौके पर ही डंपर को सीज कर थाना सैया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद निरीक्षण से लौटते समय सैया रोड स्थित काली माता मंदिर के पास एक ट्रैक्टर अवैध रूप से मिट्टी का खनन एवं परिवहन करते हुए मिला। प्रशासन ने ट्रैक्टर को भी तत्काल सीज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रपत्र भेज दिए हैं। एसडीएम नरेंद्र गंगवार ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक डंपर और एक ट्रैक्टर को सीज किया गया है। दोनों मामलों में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रकरण भेज दिया गया है।

## जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद, पुलिस ने कार कब्जे में ली, कार में मिले हथियार

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी क्षेत्र के गांव गढ़ी हीसिया में जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने असलाह से धमकाने का आरोप लगाया और थाने में तहरीर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चू सिंह पुत्र भगवती प्रसाद निवासी कुआंखेड़ा, थाना एकता ने 2010 में अपने गांव के भूरी सिंह से गढ़ी हीसिया में दो बीघा जमीन खरीदी थी। तभी से जमीन पर काबिज है। आरोप है कि शनिवार को बीरेश पुत्र सौदान सिंह ने निवासी गढ़ी हीसिया में जमीन को जोत दिया था। बीरेश का कहना है कि इन्होंने जमीन खरीदी है उसका गाटा संख्या अलग है तथा जिसपर काबिज है वह अलग है। रविवार को 3 बजे के करीब बच्चू सिंह पक्ष के लोग गढ़ी हीसिया में पहुंचे जिसको लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगी और दोनों पक्ष सामने आ गए। जानकारी पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, और दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया। वहीं बीरेश पक्ष ने थाने में तहरीर देकर बताया कि इनकी जमीन का गाटा संख्या अलग है। आरोप लगाया है कि बच्चू का भाई असलाह लेकर आए थे और उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए धमकाया है।

थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा ने बताया कि जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद है। बीरेश की तहरीर पर मुकदमा लिखा जा रहा है।असलाह के बारे जानकारी की जा रही है, लाइसेंसी या अवैध है। थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मौके से कार कब्जे में ली गई है। जिसमें हथियार मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है।

## भाकियू ने सुनील को नगर अध्यक्ष बनाया

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने संगठन की मजबूती और नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए फतेहाबाद ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया है। संगठन के तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने मनोनयन पत्र जारी कर ग्राम गुबरौठ निवासी रोहित शर्मा को फतेहाबाद ब्लॉक मीडिया प्रभारी और सुनील को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मनोनयन पर जिलाध्यक्ष दीपक तोमर और तहसील प्रवक्ता गोविंद सैंथिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पदाधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करेंगे। संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और किसानों, मजदूरों व आम जनता की समस्याओं को उठाकर उनकी आवाज बुलंद करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## नोटों की गड्डी का झांसा देकर गहने ठगे

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

कस्बे के कागारौल चौराहा पर शनिवार शाम करीब छह बजे दो शातिर युवकों ने सब्जी खरीदने आई एक महिला को बातों में फंसाकर उसके सोने के कुंडल ठग लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में हड़कंप मच गया।पीड़िता सुनीता पत्नी मान सिंह, निवासी देवी मंदिर के पीछे, खेरागढ़, ने बताया कि वह कागारौल चौराहा पर सब्जी खरीदने आई थी।

तभी दो युवक उसके पास पहुंचे और बातचीत शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने काले कपड़े में लिपटी नोटों की गड्डी जैसी दिखने वाली एक पोटली दिखाकर उसे अपने झांसे में ले लिया। बातों ही बातों में शातिरों ने उसके कानों से करीब एक लाख मूल्य के सोने के कुंडल उतरवा लिए और हाथ में वही पोटली थमाकर मौके से फरार हो गए।

कुछ देर बाद जब महिला ने पोटली खोली तो उसमें नोट नहीं थे। तभी उसे एहसास हुआ कि उसके सोने के कुंडल भी गायब हैं। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, लेकिन तब तक दोनों आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर निकल चुके थे।

सूचना मिलते ही थाना खेरागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस संदिग्ध युवकों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस ठगी की घटना से बाजार आने वाली महिलाओं में दहशत का माहौल है।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



# पति से नाराज महिला यमुना में कूदी

- आमंत्रण यात्रा के दौरान हुआ हाई-वोल्टेज ड्रामा
- पति पर दूसरी महिला के साथ घूमने का आरोप

टीएनएफ टुडे, आगरा।





शहर में यमुना किनारे आयोजित एक हिंदूवादी संगठन की 'आमंत्रण यात्रा' के दौरान उस समय अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब एक पारिवारिक विवाद ने सार्वजनिक हंगामे का रूप ले लिया। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ घूमते रंगेहाथों पकड़ लिया। जिसके बाद वहां जमकर बवाल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों से विपिन राठौर के साथ रह रही महिला को उसका पति किसी अन्य महिला के साथ कार्यक्रम में घूमते मिल गया। इस पर पति-पत्नी के बीच तीखा विवाद हुआ। जो देखते ही देखते दोनों महिलाओं के बीच मारपीट में बदल गया। आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों के बीच इस घटना से हड़कंप मच गया। विवाद के बीच पति विपिन राठौर दूसरी महिला को लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। पति के जाने के बाद गुस्से से तमतमाई पत्नी यमुना नदी के पास गई और उसमें कूद गई। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद एक सतर्क सब-इंस्पेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए महिला को समय रहते यमुना से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस पूरे हाई-प्रोफाइल ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डॉक्टर एमपीएस स्कूल ओवरआल चैम्पियन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन रविवार को डोली पब्लिक स्कूल में किया गया। ऑर्गेनाइजर प्रेसिडेंट वीरेंद्र कुमार मित्तल, ऑर्गेनाइजर सेक्रेटरी केएम सिंगल, अध्यक्ष जिला योग संगठन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, वीपी सिंह, देवेंद्र सिंह गोयल, प्रमोद पचौरी, छत्रपाल, डॉली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य निपुण सिंगल, परेश अग्रवाल, देवजीत घोष राजेश कुलश्रेष्ठ, चंद्र प्रकाश, शतोष गौतम, नितेश अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन रुपेश अग्रवाल ने किया। निर्णायक की भूमिका में मुकेश राय, आनंद बाबू, सनी प्रताप वर्मा, उमा सिंह रहे। टूर्नामेंट में महिला वर्ग में ओवेरॉल डॉक्टर एमपीएस स्कूल आगरा चैंपियन रही। महिला वर्ग मै क्वीन विक्टरया गर्ल्स इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर गणेश नागर इंटर कॉलेज तथा प्रथम स्थान पर डॉक्टर एमपीएस स्कूल रहा। लड़कों में एसपी क्लब तृतीय स्थान पर रहा। किड्स वनस्थली स्कूल द्वितीय स्थान पर और डॉक्टर एमपीएस स्कूल प्रथम स्थान पर रहा।

# राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ाता है एनसीसी

## संयुक्त वार्षिक शिविर का ओपनिंग एड्रेस आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

2 यूपी बटालियन एनसीसी आगरा के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन शारदा यूनिवर्सिटी आगरा परिसर में हुआ। इस अवसर पर 452 कैडेट्स और अधिकारियों में उत्साह और ऊर्जा का विशेष संचार देखने को मिला। समारोह की अध्यक्षता कैम्प कमांडेंट कर्नल एनपी सेमल्टी कमांडिंग ऑफिसर, टू यूपी बटालियन एनसीसी, आगरा ने की। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल नेतृत्व और अनुशासन का पाठ पढ़ाता है, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना भी विकसित करता है। शिविर का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स को एकता, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय भावना के साथ प्रशिक्षित करना है।

यह उद्घाटन समारोह न केवल शिविर की औपचारिक शुरूआत थी, बल्कि यह कैडेट्स के लिए अनुशासन, प्रेरणा और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर एक सशक्त कदम भी सिद्ध होगा। इस दौरान कैंप एजुडेंट कैप्टन बीबी शर्मा, कैम्प क्वार्टर मास्टर कैप्टन श्याम अवध यादव, चीफ ऑफिसर रविन्द्र कुमार जैन, सेकेंड ऑफिसर नवज्योत सिंह, सेकेंड ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा, सेकेंड ऑफिसर मनोज पंत, जीसीआई आरती, सूबेदार मेजर शकील अहमद, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार कमलजीत सिंह, नायब सूबेदार रविंद्र जीत सिंह, बीएचएम हवलदार रमजान खान, हवलदार संदीप कुमार, हवलदार ओम प्रकाश, हवलदार ईश्वर सिंह, हवलदार मैक्सी राम मीणा मौजूद रहे।

### जीजा ने हथौड़े से साले का सिर फोड़ा

**फतेहाबाद।** बहन के साथ मारपीट का समझौता करने आए साले का जीजा ने हथौड़े से सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित सोनी पुत्र राजकुमार सोनी निवासी भदरौली बाह की बहन श्वेता पत्नी सोमेश निवासी हनुमान नगर के साथ जीजा आए दिन मारपीट करता था। जिसको लेकर मोहित अपनी मां कमलेश के साथ बातचीत करने आया था। बातचीत चल रही थी तो जीजा सोमेश ने हाथ में लिए हथोड़ा मोहित के सिर में मार दिया। जिससे उसके गंभीर चोट आई। लहूलुहान अवस्था में मोहित ने थाना फतेहाबाद में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

### गंदगी और जलभराव से बीमारियों का खतरा

**खंदौली।** ग्राम पंचायत सेमरा के मजरों नगला अर्जुन बॉस जोखी में गंदगी का अम्बर लगा हुआ है। तमाम शिकायतों के बाद भी अधिकारी नहीं सुनते। विद्यालय जाने वाले बच्चे इस गन्दगी में होकर निकलते है। इस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि सभी के होते हुए कोई भी ग्रामीणों की बात सुनने को तैयार नहीं है। सफाई सफाई के नाम पर लाखों रुपए का खेल कर दिया जाता है। लेकिन ग्रामीणों का भला नहीं होता।

उनका कहना है कि प्रधान, सचिव, एडीओ पंचायत, बीडीओ खंदौली से कई बार सफाई कराए जाने की मांग कर चुके है लेकिन सफाई के नाम पर कुछ नहीं कराया। ग्रामीणों का कहना है कि सुनील कुमार समाजसेवी के साथ जल्द ही ब्लाक कार्यालय खंदौली का घेराव किया जाएगा।

# सीसीटीवी फुटेज और त्वरित कार्रवाई से लौटी खुशियां

## कुछ ही घंटों में पुलिस ने खोज निकाले गुमशुदा तीन मासूम

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते दो अलग-अलग गुमशुदगी के मामलों का कुछ ही घंटों में सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया गया। एक ओर खेलते-खेलते घर से निकले भाई-बहन को सुरक्षित खोज लिया गया। वहीं दूसरी ओर स्कूल जाने की कहकर घर से निकली 15 वर्षीय किशोरी को भी सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से परिवारों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार, धनौली क्षेत्र निवासी 5 वर्षीय तनु और उसका 3 वर्षीय भाई आर्यन खेलते-खेलते घर से बाहर निकल गए थे। काफी देर तक दोनों बच्चों के वापस नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने तत्काल मलपुरा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और बच्चों की तलाश शुरू कर दी गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने कुछ ही घंटों में दोनों मासूमों को धनौली क्षेत्र से सकुशल खोज निकाला। बच्चों के सुरक्षित मिलने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया। अपने बच्चों को सही-सलामत देखकर परिवार की आंखों में खुशी के आंसू आ गए।

### स्कूल जाने की कहकर निकली थी किशोरी

मलपुरा क्षेत्र में ही एक और गुमशुदगी का मामला सामने आया। 15 वर्षीय किशोरी स्कूल जाने की कहकर घर से निकली थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण बिलगियान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पूछताछ और तकनीकी संसाधनों की मदद से कुछ ही घंटों में किशोरी को खोज लिया। किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी के घर लौटने पर परिवार ने राहत की सांस ली।

### तहसीलदार ने दिए जांच के आदेश

पीड़ित पिता ने धोखाधड़ी सिंडिकेट की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराकर दोषी बेटों के साथ-साथ इसमें संलिप्त रहे संबंधित हल्का लेखपाल व राजस्व कर्मियों के खिलाफ भी जालसाजी की धाराओं में कठोर दंडात्मक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

तहसीलदार ने पीड़ित बुजुर्ग को त्वरित सुरक्षा का भरोसा दिया है। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों और क्षेत्रीय पुलिस को तुरंत मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने तथा तीन कार्यदिवस के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### एंबुलेंस बनी 'शराब एक्सप्रेस'

# सायरन की आड़ में शराब तस्करी का खेल बेनकाब

- एत्मादपुर पुलिस ने पांच तस्करों को किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।



एत्मादपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एंबुलेंस की आड़ में की जा रही अंतरराज्यीय शराब तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्कर हरियाणा और पंजाब से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर बिहार पहुंचाते थे। पुलिस ने मौके से करीब साढ़े दस लाख रुपये की बाजार कीमत की 80 पेटी अंग्रेजी शराब, एक एंबुलेंस और एक थार गाड़ी बरामद की है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से तस्करी के इस नेटवर्क को संचालित कर रहे थे। शराब से भरी एंबुलेंस के आगे एक थार गाड़ी पायलट वाहन के रूप में चलती थी, जिससे रास्ते की निगरानी की जाती थी और पुलिस चेकिंग की जानकारी पहले ही मिल जाती थी। एंबुलेंस का सायरन बजाकर चालक ट्रैफिक में आसानी से रास्ता बना लेते थे, जिससे किसी को शक भी नहीं होता था।

**हर राज्य के हिसाब से बदलते थे नंबर प्लेट**

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि तस्कर हर राज्य की सीमा में प्रवेश करने से पहले एंबुलेंस और थार दोनों वाहनों की नंबर प्लेट बदल देते थे। अलग-अलग राज्यों के नंबर इस्तेमाल कर पुलिस और प्रशासन को चकमा दिया जाता था। इस हाईटेक तरीके से गिरोह लंबे समय से शराब की खेप बिहार तक पहुंचा रहा था।

**हरियाणा-पंजाब से बिहार तक फैला नेटवर्क**

पुलिस के अनुसार, गिरोह का नेटवर्क हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार तक फैला हुआ है। शराबबंदी वाले राज्यों में अवैध शराब की सप्लाई कर गिरोह मोटा मुनाफा कमाता था। गिरफ्तार किए गए सोनीपत निवासी पंकज, रोहित, जींद निवासी साहिल, शाहिल और इस गैंग को लीड कर रहे संदीप से पूछताछ जारी है और पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

**सप्लाई चेन और मास्टरमाइंड की तलाश**

एत्मादपुर पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह का सरगना कौन है। अब तक कितनी खेप बिहार पहुंचाई जा चुकी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस को आशंका है कि गिरोह लंबे समय से इसी तरीके से अवैध कारोबार चला रहा था।

# पिता को 'मृत' दिखा हड़प ली करोड़ों की जमीन

## बाप ने बेटों पर जहर देकर मारने की साजिश का लगाया आरोप

टीएनएफ टुडे, आगरा।




ताजनगरी के फतेहाबाद क्षेत्र से रिश्तों को पूरी तरह तार-तार कर देने वाला एक अत्यंत सनसनीखेज और हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। संपत्ति और जमीन की अंधी हवस में दो सगे बेटों ने अपने ही जीवित वृद्ध पिता को सरकारी कागजों में ह्यमृतह्न घोषित करवा दिया। इस जालसाजी के सहारे बेटों ने पिता के मालिकाना हक वाली करोड़ों रुपये मूल्य की पैतृक कृषि भूमि को चुपचाप अपने नामों पर ट्रांसफर करवा लिया। शनिवार को जब तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 वर्षीय बुजुर्ग खुद को जीवित बताते हुए अफसरों के सामने न्याय की गुहार लगाने पहुंचे तो वहां हर कोई हैरान रह गया। पीड़ित पिता ने अपने बेटों पर न केवल घर से बेदखल करने, बल्कि अब सच सामने आने पर जहर देकर जान से मारने की खौफनाक साजिश रचने का भी बेहद संगीन आरोप लगाया है।

फतेहाबाद तहसील और पीड़ित बुजुर्ग से प्राप्त विस्तृत विवरण के अनुसार, ताजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बिल्लोचपुरा के मूल निवासी परसादी (70) पुत्र सुखलाल ने तहसीलदार को लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई कि मौजा सारंगपुर, तहसील फतेहाबाद में उसके नाम से बेशकीमती कृषि भूमि है। लगभग 25 वर्ष पूर्व परिवार के भरण-पोषण के लिए वे अपने गांव से मजदूरी करने पंजाब के लुधियाना शहर चले गए थे। इसी बीच उनके दोनों सगे बेटों ने राजस्व अभिलेखों में उन्हें मृत घोषित करवा दिया। परसादी का नाम सरकारी खतौनी से पूरी तरह कटवाकर दोनों बेटों ने अपने-अपने नामों पर दर्ज करा लिया। हाल ही में जब पंजाब से लौटे तब घटना की जानकारी हुई।

बुजुर्ग ने स्पष्ट किया कि वे शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ और जीवित हैं। उन्होंने कभी अपनी पैतृक भूमि का न कोई विक्रय किया और न ही किसी के पक्ष में वसीयतनामा किया। वृद्ध पिता ने शिकायती पत्र में कहा कि दोनों बेटों ने उन्हें लाठियों के बल पर घर से बाहर खदेड़ दिया। बेटों ने उन्हें भोजन और पानी देना तक बंद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानूनी अपराध को छिपाने के उद्देश्य से दोनों बेटे उन्हें खाने में जहर देकर जान से मारने की खुली धमकी दे रहे हैं।

### कुएं में गिरे कुत्तों को ग्रामीणों ने निकाला

**फतेहाबाद।** निबोहरा क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर धनगर में खेतों पर बने पुराने कच्चे कुएं में आपस में लड़ते हुए 2 दिन से गिरे कुत्तों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। निबोहरा क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर धनगर में खेतों पर बने कच्चे कुएं में लड़ते हुए 2 कुत्ते गिर गए थे।

वहीं रविवार को खेतों पर गए ग्रामीणों को कुएं से कुत्तों की रोने की आवाज सुनाई दी। जानकारी पर खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कुएं में जाल डाला गया और दोनों कुत्तों को जाल के सहारे बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने दोनों कुत्तों की जान बचाई। इस दौरान नरेंद्र सिंह, गब्बर सिंह, शिवनारायण, राधा कृष्ण सहित आदि मौजूद रहे।

# पूर्व क्रीड़ाधिकारी केपी सिंह के निधन पर शोक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

हाकी कोच एवं पूर्व क्रीड़ाधिकारी कौशलेंद्रपाल सिंह का निधन बीती रात बरेली में हो गया। उनकी आयु 63 साल के लगभग थी। उनके शव को आज आगरा लाया जा रहा है। वे फिरोजाबाद जिला क्रीड़ाधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इसके पश्चात आगरा में ही रह रहे थे। ब्रेन हेमरेज होने के पश्चात वे इस बीमारी से उबर ही नहीं पाये। परिजन उन्हें आगरा से बरेली ले गये थे। वहीं उपचार चल रहा था। कौशलेंद्र सिंह के पिताजी हेतमपाल सिंह आरबीएस इंटर कालेज में शिक्षक थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी और बेटी को छोड़ा है। उनके बड़े भाई धर्मेंद्र पाल सिंह मुन्ना आगरा में ही निवास करते हैं।

कौशलेंद्र सिंह हाकी के अच्छे खिलाड़ी और कोच रहे। उनके ट्रेनी भारतीय हाकी टीम तक पहुंचे थे। उन्होंने अपनी शिक्षा आरबीएस कालेज से प्राप्त की थी। एमपीएड करने के पश्चात आगरा विश्वविद्यालय में बीपीएड की लेक्चरर के रूप में कुछ समय कार्य किया। उसके पश्चात उत्तर प्रदेश के खेल विभाग में उपक्रीड़ाधिकारी के पद पर ज्वाइन किया। वहां जिला क्रीड़ाधिकारी के पद से से रिटायर हुए। कौशलेंद्र सिंह जब यूपी सब- जूनियर हाकी टीम के कोच थे तो यूपी की टीम ने सब- जूनियर नेशनल में पहली बार स्वर्ण पदक जीता था।

कौशलेंद्र सिंह के निधन पर आगरा के हाकी प्रेमियों में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर ओलंपियन जगबीर सिंह, हाकी कोच अमिताभ गौतम, आगरा हाकी सचिव संजय गौतम, अमरजीत सिंह, मास्टर्स हाकी के अध्यक्ष राजीव सोई, वरिष्ठ खेल पत्रकार लाखन सिंह बघेल, धर्मेंद्र बघेल, गोपाल शर्मा, शैलेश सिंह (इफ्को), संजय नेहरू, केपी सिंह, पूर्व क्रीड़ाधिकारी एसएस चौहान, मोहित कपूर, उमेश शर्मा, डा. जयशंकर यादव, बल्देव भटनागर, रामानंद चौहान, डीके सिंह, विवेकवीर सिंह, डा. चंद्रशेखर शर्मा, सतपाल सिंह, डा. बीपी सिंह, आरएसओ संजय शर्मा, मुकेश अग्रवाल, क्रीड़ाधिकारी अरविंद यादव, राममिलन, पूर्व आरएसओ अजय सेठी, हरदीप सिंह हीरा, पूर्व क्रीड़ाधिकारी रानी प्रकाश, तेज शू के मालिक टानी भाई, क्रीड़ाधिकारी राहुल चौपड़ा, केएन शर्मा, मनोज मुद्गल आदि ने गहरा शोक जताया है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# आओ आगरा में लगे दाग देखें

आगरा में ऐतिहासिक पर्यटन, चमड़ा और पेठा जैसे पारंपरिक उद्योगों, और बढ़ते बुनियादी ढांचे के बीच एक मजबूत संतुलन की आवश्यकता है। शहर को विश्वस्तरीय पहचान तो मिली है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति के तालमेल से ही इसकी आर्थिक स्थिति और नागरिक समस्याओं जल संकट और यातायात का स्थायी समाधान संभव है। वैश्विक पहचान और स्थानीय विकास के चौराहे पर 'ताज नगरी' आगरा केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के मानचित्र पर एक विशिष्ट और गौरवशाली पहचान रखता है। तीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों (ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सिक्री) का घर होने के नाते, यह शहर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से अद्वितीय है? हालांकि, समय की मांग है कि हम आगरा को केवल एक 'पर्यटन स्थल' के रूप में देखने की अपनी पुरानी सोच से बाहर निकलें। इसे एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित महानगर के रूप में ढालने के लिए एक समग्र राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण की महती आवश्यकता है। आर्थिक और पर्यटन का परिदृश्यआर्थिक रूप से, आगरा का मूल आधार पर्यटन, हस्तशिल्प, चमड़ा उद्योग (फुटवियर) और पारंपरिक खाद्य पदार्थ (जैसे पेठा और दालमोठ) हैं? यह क्षेत्र लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है? समयानुसार, इसमें सुधार भी हुए हैं। उदाहरण के लिए, आगरा में मेट्रो का संचालन और नए एक्सप्रेसवे तथा इनर रिंग रोड के जरिए बेहतर कनेक्टिविटी इसे एक मजबूत आर्थिक केंद्र बना रही है? इसके अतिरिक्त, 'ग्रेटर आगरा अर्बन सेंटर' जैसी परियोजनाओं के माध्यम से हो रहा सुनियोजित विस्तार, भविष्य में उद्यमियों और स्थानीय व्यापारियों के लिए अपार संभावनाएं पैदा कर रहा है? राजनीतिक और प्रशासनिक चुनौतियाँआर्थिक विकास के इन नए आयामों के बीच, जमीनी हकीकत यह भी है कि शहर की बुनियादी समस्याएं आज भी राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे में पीछे छूट जाती हैं। यमुना के किनारे बसा यह शहर हर साल गर्मियों और मॉनसून के दौरान भीषण पेयजल संकट से जूझता है? पुराने शहर के कई इलाकों में 70 साल पुरानी पाइपलाइनों से पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे रिसाव और दूषित पानी की समस्या बनी रहती है? बढ़ती आबादी और पर्यटकों की आवाजाही के कारण शहर के मुख्य चौराहों और बाजारों में भारी ट्रैफिक जाम एक आम समस्या है, जो आर्थिक नुकसान और समय की बर्बादी का कारण बनती है? सामाजिक सहभागिता और विकास की डगरइन समस्याओं का समाधान केवल सरकार या जनप्रतिनिधियों पर नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि इसके लिए एक मजबूत सामाजिक सोच की भी आवश्यकता है। आगरा के निवासियों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों को मिलकर शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता में प्रशासन का सहयोग करना होगा। अतिक्रमण हटाने और यातायात नियमों का पालन करने में जनता की स्वैच्छिक भागीदारी ही शहर को एक वास्तविक 'स्मार्ट सिटी' का दर्जा दिला सकती है? इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्प और चमड़ा उद्योग से जुड़े कारीगरों के कौशल विकास के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक बाजार में आगरा के उत्पाद अधिक मजबूती से प्रतिस्पर्धा कर सकें। आगे की राहयदि हम आगरा के विकास की रूपरेखा तैयार करना चाहते हैं, तो हमें त्वरित और दूरगामी दोनों प्रकार के कदम उठाने होंगे। जलकल विभाग को सुदृढ़ कर पानी की पाइपलाइनों का आधुनिकीकरण करना होगा ताकि हर नागरिक तक शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके? पर्यटन के ढांचे को केवल ताज परिसर तक सीमित न रखकर, आसपास के कम चर्चित स्मारकों और कला केंद्रों को भी पर्यटन सर्किट में शामिल करना होगा? शहर के बाहर विकसित हो रहे नए सेक्टरों (जैसे अटलपुरम टाउनशिप) और पुराने शहर के बीच एक सुगम ट्रांजिट सिस्टम विकसित किया जाए, ताकि यातायात का दबाव कम हो। आगरा का विकास केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के गौरव से जुड़ा हुआ है। राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था–इन तीनों स्तंभों को एक समान ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाना होगा। यदि हम अपनी ऐतिहासिक विरासत को सहेजते हुए आधुनिक विकास के नए मील के पत्थर स्थापित करने में सफल रहे, तो आगरा न केवल देश का सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी सबसे जीवंत महानगर बन सकेगा।

## पत्र सम्पादक जी को

### आगरा मेट्रो का निर्माण कार्य: जनता कब पाएगी राहत?

आगरा में मेट्रो परियोजना भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन वर्तमान में इसका सबसे बड़ा बोझ आम जनता उठा रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर निर्माण कार्य, बैरिकेडिंग, गड्ढों से भरी सड़कें और लगातार लगने वाले जाम ने लोगों का दैनिक जीवन कठिन बना दिया है। रोजाना दफ्तर, स्कूल, अस्पताल या रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ रहा है। हाल के महीनों में प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देश भी जारी किए हैं, लेकिन कई इलाकों में लोगों की परेशानी अब भी बनी हुई है।विकास जरूरी है, लेकिन विकास ऐसा हो जिसमें जनता को कम से कम असुविधा हो। निर्माण कार्य के साथ-साथ टूटी सड़कों की समय पर मरम्मत, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन, स्पष्ट डायवर्जन और सुरक्षा व्यवस्था भी उतनी ही आवश्यक है। यदि इन बातों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए, तो जनता को राहत मिलेगी और मेट्रो परियोजना के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। आशा है कि आगरा मेट्रो का निर्माण जल्द पूरा होगा और शहर को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था मिलेगी। लेकिन तब तक प्रशासन का दायित्व है कि आम नागरिकों की रोजमर्रा की परेशानियों को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

-प्रियंका हरिद्वारी वर्मा

# भोजशाला और ज्ञानवापी का नजराना देकर नजीर पेश करे मुस्लिम समाज

> "भारतीय मुसलमानों को यह ऐतिहासिक सत्य स्वीकार करना होगा कि उनके पुरखों के जींस और रक्त इस देश की मिट्टी से जुड़े है, किसी विदेशी आक्रांता बाबर या औरंगजेब से नहीं। वे इसी भूमि की संतान हैं। बहुसंख्यक हिंदू समाज ने सदियों तक अपने मानबिंदुओं के विध्वंस को मूक दर्शक बनकर झेला है, और अब स्वतंत्रता के बाद वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए आतुर है। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समाज को कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय एक बड़ा दिल दिखाना चाहिए। हिंदू समाज को 'बड़ा भाई' मानते हुए उन्हें आगे बढ़कर यह कहना चाहिए: "ये स्थान आपकी आस्था के केंद्र हैं, हम स्वेच्छा से इन पर अपना दावा छोड़ते हैं।"

दो अंग्रेजी कहावते हैं "The eyes are useless when the mind is blind" अर्थात् आँखें निरर्थक यदि दिमाग ही सत्य को देखने से इनकार कर दे। और दूजी कहावत है, "Flogging a dead horse" अर्थात् मरे हुए घोड़े को चाबुक मार-मारकर उससे उठने की आशा रखना। ये दोनों ही कहावतें वर्तमान समय में 'भारतीय मुस्लिम समाज' पर सटीक बैठती हैं।

मुस्लिम समाज और विशेषतः इस समाज के नेतृत्व का दावा करने वाले नेताओं को क्या यह बात समझ नहीं आती है कि - ''इस ऐतिहासिक परिसर पर हिंदू समाज का दावा केवल आस्था पर नहीं, बल्कि अकाट्य ऐतिहासिक और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित है?''

मुस्लिम समाज के नेता यदि अपनी सियासती स्वार्थों के कारण सही बात नहीं पर पा रहे हैं तो मुल्ला, मौलवी, मुस्लिम स्कालर्स, प्रोफेसर्स, बुद्धिजीवियों को आगे आना चाहिए और भोजशाला व ज्ञानवापी का नजराना थाली में सजाकर हिंदू समाज को सौंपना चाहिए। यदि मुस्लिम नेता और आलिम दोनों ही ऐसा नहीं करते हैं तो फिर बार-बार गंगा जमुनी तहजीब की बात हिंदू और मुस्लिम समाज दोनों को ही बंद कर देनी चाहिए। गंगा-जमुनी तहजीब केवल जुमला नहीं है यह मुस्लिम वर्ग को सिद्ध करने का यह सर्वाधिक सटीक अवसर है। परमार वंश के महान राजा भोज द्वारा वर्ष 1034 में निर्मित यह संस्कृत पाठशाला और वाग्देवी मंदिर भारतीय ज्ञान परंपरा का एक अनुपम केंद्र था। हाल ही में उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) द्वारा किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस स्थान के मूल स्वरूप को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है।

सर्वेक्षण के दौरान परिसर और उसके मलबे से सनातन धर्म के विभिन्न देवी-देवताओं की खंडित एवं संरक्षित प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें भगवान गणेश, शिव, विष्णु, ब्रह्मा, माता पार्वती और वाग्देवी (सरस्वती) की अद्भुत कलाकृतियां सम्मिलित हैं। ये मूर्तियां स्पष्ट करती हैं कि यह मूल रूप से एक मंदिर परिसर था। भोजशाला की दीवारों और स्तंभों पर संस्कृत और प्राकृत भाषा में लिखे गए कई शिलालेख मिले हैं। इनमें संस्कृत व्याकरण (पतंजलि के सूत्र), काव्य और राजा भोज की स्तुति अंकित है। मस्जिदों में अरबी या फारसी के शिलालेख होते हैं, परंतु यहाँ देवनागरी लिपि में खुदे वैदिक मंत्र और व्याकरण के नियम इस स्थान के अकाट्य 'सरस्वती कंठाभरण' (विद्या का मंदिर) होने की पुष्टि करते हैं।

परिसर के स्तंभों, बीम और छतों पर नक्काशीदार कमल, स्वस्तिक, कलश, शंख, कीर्तिमुख और अप्सराओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। इस्लामी वास्तुकला में जीवंत आकृतियों का अंकन पूर्णतः वर्जित है, जबकि भोजशाला के कोने-कोने में ये कलाकृतियां बिखरी पड़ी हैं, जो इसके मंदिर होने का जीवंत प्रमाण हैं। वैज्ञानिक जांच में परिसर के भीतर प्राचीन हवन कुंड और गर्भगृह के स्पष्ट अवशेष मिले हैं। वर्तमान में जो ढांचा मस्जिद के रूप में उपयोग किया जा रहा है, वह वास्तव में मंदिर के ही स्तंभों और सामग्री को उलट-पुलट कर तथा उन्हें क्षतिग्रस्त करके खड़ा किया गया है।



ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार, इस मंदिर की मूल अधिष्ठात्री देवी 'वाग्देवी' की प्रतिमा को ब्रिटिश काल में यहाँ से हटाकर लंदन के 'ब्रिटिश म्यूजियम' में रख दिया गया था, जिसके आधार पर भी हिंदू समाज का यह दावा वैश्विक स्तर पर सिद्ध होता है।

इन तमाम वैज्ञानिक और पुरातात्विक तथ्यों के प्रकाश में यह स्पष्ट है कि धार की भोजशाला पर हिंदू समाज का अधिकार पूरी तरह स्वाभाविक, ऐतिहासिक और न्यायसंगत है। ऐसे में, इस सत्य को नकारकर अदालतों में अपील दर अपील करना केवल समय की बबार्दी और समाज में कटुता बढ़ाने का माध्यम ही बनेगा।

काशी की 'ज्ञानवापी' और धार की 'भोजशाला' दोनों ही स्थानों पर प्रत्यक्ष दिखने वाले पुरातात्विक साक्ष्य चिल्ला-चिल्लाकर सच्चाई बयां कर रहे हैं। सत्य को केवल कानूनी दांव-पेंचों से कुछ समय के लिए टाला जा सकता है, मिटाया नहीं जा सकता। न्यायालय भी अंततः साक्ष्यों और जनभावनाओं के संतुलन पर ही निर्णय देता है। ऐसे में फिर से सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना "अपनी ही कुल्हाड़ी पर पैर मारने" जैसा है।

मुस्लिम समाज के नेताओं, मुल्ला-मौलवियों, बुद्धिजीवियों यह विचार करना ही चाहिए कि ऐसी हठधर्मिता भला किस काम की? वो क्यों अयोध्या जैसी ज़िद किए रहना चाहते हैं? हठधर्मिता का अंत हमेशा कड़वाहट के साथ होता है, जबकि संवाद का अंत सदैव सम्मान के साथ होता है।

भारतीय मुसलमानों को यह ऐतिहासिक सत्य स्वीकार करना होगा कि उनके पुरखों के जींस और रक्त इस देश की मिट्टी से जुड़े है, किसी विदेशी आक्रांता बाबर या औरंगजेब से नहीं। वे इसी भूमि की संतान हैं। बहुसंख्यक हिंदू समाज ने सदियों तक अपने मानबिंदुओं के विध्वंस को मूक दर्शक बनकर झेला है, और अब स्वतंत्रता के बाद वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए आतुर है। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समाज को कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय एक बड़ा दिल दिखाना चाहिए। हिंदू समाज को 'बड़ा भाई' मानते हुए उन्हें आगे बढ़कर यह कहना चाहिए: "ये स्थान आपकी आस्था के केंद्र हैं, हम स्वेच्छा से इन पर अपना दावा छोड़ते हैं।"

यह कदम मुस्लिम समाज की कमजोरी नहीं, बल्कि उनके बड़प्पन, सहिष्णुता और कथित 'गंगा-जमुनी तहजीब' का जीवंत उदाहरण बनेगा। जब बड़ा भाई अपने मानबिंदुओं को वापस पाने के लिए संघर्षरत हो, तो छोटे भाई का धर्म अड़चन बनना नहीं, बल्कि ससम्मान मार्ग प्रशस्त करना होता है।

यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि देश का आम मुसलमान झगड़ा नहीं चाहता। वह अमन, शिक्षा और तरक्की की राह पर चलना चाहता है। परंतु समस्या मुस्लिम समाज के भीतर के उन कट्टरपंथी नेताओं और वोट बैंक की राजनीति करने वाले स्वार्थी तत्वों की है, जो अपनी राजनीतिक दुकानें चमकाने के लिए आम मुसलमानों के मन में अकारण भय पैदा करते हैं। वे यह झूठा डर फैलाते हैं कि "यदि आज एक मस्जिद छोड़ी, तो कल सारी मस्जिदें छीन ली जाएंगी।"

मुस्लिम समाज की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही है कि वह इन चंद सियासी ठेकेदारों के हाथों की कठपुतली बन जाता है। इस समाज को अब आत्ममंथन करना होगा। उन्हें अपनी कमान अड़ियल रुख वाले नेताओं के हाथ से छीनकर प्रगतिशील, शिक्षित और उदारवादी चेहरों को सौंपनी होगी, जो देश की मुख्यधारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में विश्वास रखते हों।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के फैसले कानून की सीमाओं में बंधे होते हैं, लेकिन दिलों को जोड़ने का काम अदालतें नहीं कर सकतीं। धार और काशी के मामलों में यदि मुस्लिम समाज सुप्रीम कोर्ट न जाकर सीधे हिंदू समाज के संतों और प्रतिनिधियों के साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण समझौता कर ले, तो यह पूरे विश्व के समक्ष भारतीय संस्कृति की एक अनुपम मिसाल होगी। यह अवसर इतिहास को बदलने का है। भारतीय मुस्लिम समाज को कड़वाहट की अपनी पुरानी विरासत को यहीं दफन करना चाहिए। उसे धार व काशी में चीख-चीख कर हिंदू मंदिर होने की घोषणा करते वैज्ञानिक व पुरातात्विक साक्ष्यों को हृदय से स्वीकार कर हिंदू समाज को सम्मानपूर्वक एक नजराना देकर एक नजीर पेश करनी चाहिए।

**– डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी**

# यक्ष प्रश्न: क्या विकसित भारत 2047 का लक्ष्य 2075 में हासिल होगा?

यदि आप विकसित भारत 2047 का स्वप्न देख रहे हैं तो थोड़ा संभल जाइए, क्योंकि कुछ अर्थशास्त्रियों ने यह तर्क दिया है कि यदि भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर, उत्पादकता और रोजगार सृजन की गति में पर्याप्त सुधार नहीं हुआ, तो भारत को "विकसित देश" बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है। बता दें कि यह कोई आधिकारिक सरकारी अनुमान नहीं है, बल्कि कतिपय अर्थशास्त्रियों द्वारा किए गए एक आर्थिक विश्लेषण पर आधारित दृष्टिकोण मात्र है, जो सत्य के निकट है या परे, यह भविष्य के गर्भ में है। हाँ, इतना जरूर है कि इससे विपक्ष को सत्तापक्ष की खिल्ली उड़ाने का एक मौका जरूर मिल गया है।

दरअसल, इस संदर्भ में चर्चित अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने भी कहा कि यदि वर्तमान गति ऐसी ही बनी रही, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 तक हासिल करना कठिन हो सकता है। मसलन, ₹४१३ इँ’’ का आशय यह है कि केवल उच्च आर्थिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं है। यदि वर्तमान गति, निवेश, उत्पादकता और रोजगार सृजन की चुनौतियाँ बनी रहीं, तो भारत को विकसित देश बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है। इस प्रकार से देखा जाए तो उन्होंने और उनके जैसे अन्य कई अर्थशास्त्रियों द्वारा उठाई जाने वाली प्रमुख चिंताएँ इस प्रकार हैं:- पहली, विकास दर में कमी: विकसित भारत के लक्ष्य के लिए लंबे समय तक 8झ9% या उससे अधिक वास्तविक ऋड्ढ वृद्धि की आवश्यकता मानी जाती है, जबकि हाल के वर्षों में वृद्धि इससे कम रहने का अनुमान है। दूसरी, प्रति व्यक्ति आय: विकसित देश बनने का आधार केवल कुल ऋड्ढ नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति आय भी है। यदि जनसंख्या के अनुपात में आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। तीसरी, रोजगार की चुनौती: आर्थिक वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बनने से आय और उपभोग दोनों प्रभावित होते हैं।

चौथी, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग): GDP और रोजगार में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी अपेक्षित स्तर तक नहीं बढ़ पाई है। पांचवीं, मानव पूंजी: शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और श्रम उत्पादकता में अभी भी उल्लेखनीय सुधार की आवश्यकता है। छठी, वैश्विक अनिश्चितताएँ: भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार बाधाएँ, ऊर्जा कीमतें और वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे कारक भी विकास की गति को प्रभावित कर सकते हैं।

हालाँकि, यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि यह एक आर्थिक आकलन है, कोई निश्चित भविष्यवाणी नहीं। यदि भारत अगले दो दशकों में तेज और निरंतर आर्थिक वृद्धि, व्यापक रोजगार सृजन, विनिर्माण विस्तार, बुनियादी ढाँचे में निवेश, शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करता है, तो 2047 का लक्ष्य अधिक यथार्थवादी हो सकता है।

इसलिए सुरजीत भल्ला का तर्क मूलतः यह है कि यदि वर्तमान गति और संरचनात्मक चुनौतियाँ नहीं बदलीं, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 से काफी आगे खिसक सकता है। इसके पीछे प्रमुख कारण बताए जाते हैं जो इस प्रकार हैं: पहला, विकास दर की चुनौती: विकसित देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए भारत को लंबे समय तक लगभग 7–8% या उससे अधिक वास्तविक जीडीपी (GDP) वृद्धि बनाए रखनी होगी। यदि वृद्धि 6% के आसपास रहती है, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है।

दूसरा, प्रति व्यक्ति आय कम होना: भारत की कुल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन बड़ी आबादी के कारण प्रति व्यक्ति आय अभी विकसित देशों से काफी कम है। तीसरा, रोजगार और उत्पादकता: उच्च आर्थिक वृद्धि के साथ गुणवत्तापूर्ण रोजगार और श्रम उत्पादकता में तेज सुधार आवश्यक है। चौथा, विनिर्माण क्षेत्र की धीमी प्रगति: यदि मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात अपेक्षित गति से नहीं बढ़ते, तो आय वृद्धि सीमित रह सकती है। पांचवां, शिक्षा और स्वास्थ्य: मानव पूंजी में निवेश पर्याप्त न होने पर दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। छठा, बुनियादी ढाँचा और संस्थागत सुधार: न्यायिक दक्षता, भूमि, श्रम और प्रशासनिक सुधारों की गति भी निर्णायक मानी जाती है। वहीं, दूसरी ओर, 2047 के लक्ष्य के समर्थन में भी मजबूत तर्क हैं क्योंकि भारत में सत्ता प्रतिष्ठान के रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड को तोड़ती जा रही भाजपा नीत राजग की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए विकसित भारत 2047 एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। चूंकि भारत की आजादी प्राप्ति का सौवाँ वर्ष है, इसलिए सरकार इसे ज्यादा तवज्जो दे रही है, जबकि वैश्विक षड्यंत्रकारी देश अमेरिका/चीन और उनके पिछलग्गू कट्टर मुस्लिम देश भारत की तरक्की से जल-भुन रहे हैं!

नामचीन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार ऊँची आर्थिक वृद्धि बनाए रखे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण में तेजी से आगे बढ़े, कौशल विकास और रोजगार सृजन पर जोर दे, तथा राज्यों में सुधारों की गति तेज हो, तो विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य अपेक्षाकृत जल्दी यानी कि 2047 तक या उससे कुछ साल पहले भी हासिल किया जा सकता है।

इसलिए 2047 और 2075 को निश्चित भविष्यवाणी नहीं, बल्कि अलग-अलग आर्थिक परिदृश्यों (scenarios) के रूप में देखना चाहिए। अंतिम परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले दो दशकों में भारत सुधारों, निवेश, उत्पादकता, मानव संसाधन विकास की गति और सुशासन व पारदर्शिता कितनी बढ़ा पाता है।

**– कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 21 जुलाई 2026 मंगलवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन साक्षात पराक्रम के देवता पवनपुत्र भगवान हनुमान की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को लाल पुष्प अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का वाचन करना जीवन में असीम साहस आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पवनपुत्र हनुमान जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। हनुमान अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। हनुमान जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता सीता को लाल पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सिंदूर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। निर्धन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में लाल फल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। हनुमान कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। सुंदरकांड का मानसिक पाठ या श्रवण करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। अंजनीपुत्र हनुमान जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। वानरों को चना या केला खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी हनुमान मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन घर के मुख्य हॉल में दक्षिण या दक्षिण पूर्व की दिशा में लाल रंग का कोई सुंदर शोपीस या तांबे का मंगल यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात बजरंगबली की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# श्याम लाल सिंह सिकरवार का मनाया 17 वां स्मृति महोत्सव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

महाराणा प्रताप भवन देवीपुरा में ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार के पिता एवं सभा के संरक्षक ठा. श्यामलाल सिंह सिकरवार के 17 वें महासभा के पदाधिकारियों ने उनको याद करके उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। स्मृति महोत्सव में सर्व प्रथम श्यामलाल जी के चित्रपट पर अतिथियों ने माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया श्याम लाल सच्चे समाजसेवी एवं गरीबों, पीड़ितों की मदद करने वाले व संस्कारी क्षत्रिय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनिवास स्वामी एवं संचालन महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह गौर ने किया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व गोवर्धन विधान सभा से प्रत्याशी ठा. किशोर सिंह ने कहा कि नयी पीढ़ी को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। ठाकुर श्यामलाल सिकरवार किसानों के बहुत बड़े हितैषी थे। अब उनके अधूरे सपनों को उनके बेटे पूरा करते हुए समाज की सेवा कर रहे हैं। कान्हा प्रधान मुखराई और प्रमुख राजवीर सिंह ने कहा की युवा पीड़ी को अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए और उनके स्मृति महोत्सव मनाने चाहिए। कार्यक्रम में सभी समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया। जिनमें नेत्रपाल प्रधान, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष ठाकुर आदित्य सिंह, विवेक चौधरी, ब्रजमंडल क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष ठाकुर अटल सिसोदिया, राजेंद्र आचार्य, शंकर सिंह जानू, कप्तान सिंह जैंत, साबो प्रधान अरहरा, मोहन सिंह प्रधान, एड. अशोक राज सिंह, जीतपाल प्रधान बेरी, रवि ठाकुर बसौंती, राजवीर चौधरी, ओमप्रकाश दरोगा, मनीष ठाकुर, ठाकुर एम पी सिंह, नरेंद्र सिंह राघव आदि उपस्थित रहे।

# बिजली के ट्रांसफार्मर और वाहन चुराने वाला गिरोह पकड़ा

- पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया
- भारी मात्रा में सामान बरामद, इनके अन्य साथियों की तलाश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा पुलिस ने बडी कामयाबी हासिल करते हुए वाहन और बिजली के ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। 17 जुलाई को चोरी हुई स्विफ्ट डिजायर कार की जांच के दौरान पुलिस इस गिरोह तक पहुंची।

पुलिस के मुताबिक, गिरोह बलदेव, राया, महावन और जमुनापार समेत कई थाना क्षेत्रों में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार, तीन मोटरसाइकिलें, इन्वर्टर, बैटरी, बिजली के केबल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरोह सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों, ट्रांसफार्मरों और बिजली उपकरणों को निशाना बनाता था।

सीओ महावन संजीव कुमार राय ने बताया कि 17 जुलाई को सुरेंद्र बंसल की स्विफ्ट डिजायर कार चोरी होने के मामले में बलदेव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई थीं। जांच, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 19 जुलाई की देर रात पुलिस ने कार्रवाई कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजू उर्फ सूरज, दीपक, सोनू, दीपक उर्फ गूंगा, नरेश, मौसिम और आशीष के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कई चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 85 सीएम 9288), तीन मोटरसाइकिलें, एक्साइड बैटरी, सोलर हाइब्रिड यूपीएस इन्वर्टर, बिजली के केबल और अन्य चोरी का सामान बरामद किया है।

# सूखे रजबाहे, माइनरों में उग आई जलकुंभी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।



धान की पौध लगाने व,रोपाई का समय है।इसके बाद भी रजबहा व माइनरों में पानी नही है। शेरगढ़ रजबहा व चौमुहां माइनर में जलकुंभी की भरमार है,इससे किसान परेशान है,। किसान लखपत ने बताया कुछ किसान अपने निजी खर्चे से माइनर की सफाई करा रहे सासन से उन्हें कोई मदद नही मिली। हालांकि विभागीय अधिकारी जल्द सफाई कराने व पानी, छोड़े जाने की बात कह रहे है। चौमुहां ब्लॉक के गांव,अकबरपुर, आझई, तरौली, पिल्होरा, जैत,सिहाना, चौमुहां आदि गांवों के किसान खेतों में धान की पौध लगाने, में जुट गए है। शेरगढ़ रजबहा,की सफाई न होने व पानी न आने से किसान परेशान है। किसान नरेश ने बताया कि माइनर की सफाई न होने से उसमें तेज गति से पानी नही आएगा। धान की फसल की सिंचाई के लिए वह माइनर पर ही आश्रित है। अकबरपुर के देशराज सिंह ने कहा कि शेरगढ़ रजबहे की सफाई नही हुई है।पूरा रजबहा जलकुंभी से अटा हुआ है ऐसे में वह ट्यूबवेल के तैलिया पानी से ही धान की फसल की रोपाई कर रहे है। किसान कलुआ एदल सिंह ,जितेंद्र कन्हा लंबरदार सूरज बाबू सिंह, मोहन सिंह, धर्मेंद्र सिंह,पोपलिया, बालकिशन, सिसौदिया, मान सिंह, आदि ने सिचाई विभाग के अफसरों व जिलाधिकारी से सफाई कराने व पानी छोड़े जाने की मांग की है।

# गोरखनाथ बाबा जन्मोत्सव पर भव्य कथा, श्रद्धालुओं ने लिया धर्म लाभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बाजना।

गोरखनाथ बाबा के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर बाजना स्थित जाहरवीर बाबा एवं राम दरबार मंदिर दुर्गा प्रसाद फन्ने खां बताशे वाले मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन एवं कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया तथा गोरखनाथ बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में परम पूज्य कथा वाचक रविनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को गोरखनाथ बाबा के जीवन, तपस्या एवं सनातन धर्म की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर मुन्ना लाल वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय, मुकेश वार्ष्णेय, महेश वार्ष्णेय, शुभे कुमार, धनीराम सेठ जी, हरीश वार्ष्णेय (पप्पू), विष्णु सेठ जी, ईशान वार्ष्णेय (ईशु), हीरा लाल, प्रशांत मास्टर, बंटी हलवाई, भगवान वार्ष्णेय, मूला ठाकुर, चेतन मिस्त्री, देवी राम भगत जी, गोपाल वार्ष्णेय, मंशूका वार्ष्णेय, शिवकुमार वार्ष्णेय, देशराज भगत जी सहित अनेक प्रेमी भक्तों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला।

# कमिश्नर, डीआइजी, डीएम, एसएसपी ने लगाई झाड़ू, उठाया कूड़ा

## वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर रविवार को गूंजा स्वच्छता का संकल्प

- 11 किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग को 11 सेक्टर में बांट कर चला वृंदावन स्वच्छता महाअभियान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।







ब्रज को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प के साथ रविवार को वृंदावन के 11 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग पर अभूतपूर्व स्वच्छता महाअभियान चलाया गया। हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है अभियान के तहत पूरे परिक्रमा मार्ग को 11 सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने संभाली।

सुबह 8 से 11 बजे तक चले अभियान में अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर, कूड़ा उठाकर और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। दुकानदार और श्रद्धालुओं से ब्रज भूमि को गंदा न करने का आग्रह भी किया। अभियान में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, आगरा मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडीएम (प्रशासन) डॉ. अमरेश कुमार मौर्य, एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, परिषद के एसीइओ राजीव पाण्डेय, सीओ सदर वरुण मिश्रा, अपर नगर मजिस्ट्रेट राजकुमार चौधरी सहित जीएलए विवि के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, कुलपति डा अनूप गुप्ता, रजिस्ट्रार एके सिंह, केडी मेडिकल कालेज के एमडी मनोज अग्रवाल, उमा मोटर्स के निदेशक पवन चतुर्वेदी, के संस के डायरेक्टर सुरेश कौशिक, राम अग्रवाल, उज्ज्वल ब्रज के सचिव अनंत शर्मा आदि ने विभिन्न सेक्टरों में श्रमदान किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने परिक्रमा मार्ग स्थित दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबा संचालकों से स्वच्छता बनाए रखने, कूड़े का उचित निस्तारण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने का आह्वान किया। महाअभियान में हार्टफुलनेस फाउंडेशन, उज्ज्वल ब्रज, नगर निगम के सफाईकर्मियों, संत समाज, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। विभिन्न शहरों से कई सैकड़ा हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों ने परिक्रमार्थियों, दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता संबंधी पत्रक वितरित कर गीले एवं सूखे कचरे के पृथक निस्तारण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। संतों ने स्वयं सफाई कर श्रद्धालुओं और अनुयायियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया।

**जनभागीदारी से सुरक्षित रहेगा ब्रज का प्राकृतिक और आध्यात्मिक वैभवः शैलजाकांत मिश्र**

स्वच्छता अभियान से पूर्व वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के ओपन एयर थिएटर में हार्टफुलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में ध्यान शिविर एवं आध्यात्मिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। शिविर में ध्यान, हृदय से जुड़ाव, प्रेम और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि ब्रज की स्वच्छता का यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक आंदोलन है। जब संत समाज, प्रशासन, सामाजिक संस्थाएं और आम नागरिक एक साथ जुड़ेंगे, तभी ब्रज का प्राकृतिक और आध्यात्मिक वैभव सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों में यह भावना विकसित करना है कि ब्रज की स्वच्छता ही ब्रज सेवा और ठाकुरजी की सच्ची सेवा है।

# संस्कार भारती पदाधिकारियों ने रापे पौधे, गायों का पूजन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

संस्कार भारती मथुरा महानगर द्वारा रविवार को पौधारोपण व गौ पूजन समारोह नगर की गोविंद गौशाला में आयोजित किया गया। गौशाला के प्रांगण में संस्कार भारती के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सुबह-सुबह पहुंचकर और सबने मिलकर बड़े उत्साह के साथ पौधा रोपण किया। वृक्षारोपण के बाद गौमाता पूजन और आरती की गई। संस्कार भारती की ओर 160 किलो दलिया तैयार करा कर गायों को खिलाया गया। इस कार्यक्रम में महेश अग्रवाल प्रेस वाले, त्रिलोकीनाथ चौधरी और आनंद साड़ी वाले का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्कार भारती के अध्यक्ष अनूप माहेश्वरी ने पर्यावरण रक्षा और गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में गोविंद गौशाला के प्रबंधक बलदेव प्रकाश शर्मा का उत्तरीय पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुभाय अग्रवाल एडवोकेट, उमेश गोयल, मनीष शोरावाला, हृदयेश शर्मा, उमा शर्मा, महामंत्री भारत भूषण सिंघल, सह महामंत्री चारु सिंघल सहित डॉ. मधुबाला गर्ग, डॉ. विनीता गुप्ता, पूजा माहेश्वरी, कृष्ण गोपाल सिंघल, नरेश बर्मन और करण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई के दौरान कार्रवाई करने पर कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**मथुरा।** नगर निगम में जनहित के कार्यों में लापरवाही और टालमटोल का रवैया अपनाने वाले कर्मचारियों पर नगर आयुक्त ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शनिवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक नागरिक की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने गंभीर लापरवाही बरतने वाली कार्यवाहक लिपिक (क्लर्क) श्रीमती प्रेम चौधरी का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जनसुनवाई के दौरान पीड़ित आवेदक अभिषेक कुमार (पुत्र स्व. मोहन कुमार शर्मा) ने नगर आयुक्त के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# सर्वोदय इंटर कॉलेज में 20 किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां (मथुरा)।



ब्लॉक चौमुहां के सर्वोदय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 20 किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौमुहां के प्रभारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि ब्लॉक चौमुहां में एचपीवी टीकाकरण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। सीएचसी चौमुहां पर प्रतिदिन यह सुविधा उपलब्ध है। अब तक ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 550 से 600 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। सभी लाभार्थी पूरी तरह स्वस्थ हैं और किसी भी प्रकार की गंभीर प्रतिकूल प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इससे स्पष्ट है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रुमा कुमारी ने बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टीकाकरण शिविर आयोजित कराया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे एचपीवी वैक्सीन को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति में न आएं और पात्र किशोरियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि आगामी दिनों में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में भी एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इस महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच का लाभ मिल सके। यदि कोई विद्यालय अपने परिसर में एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित कराना चाहता है तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौमुहां अथवा निकटतम सरकारी अस्पताल के संबंधित चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर शिविर आयोजित करा सकता है।

# विश्राम घाट पर यमुना में डूबते श्रद्धालु की दो नाविकों ने बचाई जान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

विश्राम घाट पर रविवार सुबह करीब 10 बजे यमुना नदी में डूब रहे एक श्रद्धालु की जान बचा ली गई। नाव चलाने वाले दो सगे भाइयों, विष्णु निषाद और भानु निषाद ने यमुना में छलांग लगाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विष्णु निषाद ने बताया कि वे अपनी नाव पर मौजूद थे जब उन्होंने नदी के बीच में एक व्यक्ति को डूबते हुए देखा। उन्होंने तुरंत पानी में छलांग लगा दी और श्रद्धालु तक पहुंचकर उसे संभाल लिया। वहीं, उनके भाई भानु निषाद के अनुसार, राजा घाट की ओर से एक यात्री बहता हुआ उनकी तरफ आ रहा था। बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर भानु ने भी अपनी नाव से यमुना में छलांग लगा दी। दोनों भाइयों ने मिलकर श्रद्धालु को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना को घाट पर मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में दोनों नाविकों की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ स्पष्ट दिख रही है, जिसकी सोशल मीडिया पर लोग सराहना कर रहे हैं।

# 11 यूपी बटालियन एनसीसी का कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप लगा

## अलग-अलग पीढ़ियों के कैडेट्स एक साथ आए, यादें ताजा कीं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



मथुरा के ओडी कॉम्प्लेक्स में कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप-44 के दौरान एक खास कार्यक्रम में, 11 यूपी बटालियन एनसीसी ने कर्नल विक्रांत त्यागी, एसएम की देखरेख में अपनी पहली एलुमनाई मीट आयोजित की। इसमें अलग अलग पीढ़ियों के कैडेट्स एक साथ आए और बातचीत की, अधिकारियों ने इसे पुरानी यादों को ताजा करने वाला और भविष्य की ओर देखने वाला अनुभव बताया।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ और इसमें 43 पूर्व कैडेट्स (एलुमनाई) व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि 136 अन्य ने भाग लेने की इच्छा जताई थी लेकिन आ नहीं सके। यह बटालियन और उसके पूर्व कैडेट्स के बीच बनी अच्छी भावना और जुड़ाव का एक मजबूत संकेत है। खास बात यह है कि इस जमावड़े में 1994 में पास आउट हुए कैडेट्स भी शामिल थे, जो दशकों से एनसीसी अनुभव के कारण बने मजबूत बंधन को दशार्ता है। इस इंटरैक्टिव सेशन ने पूर्व कैडेट्स को अपने अनुभव साझा करने और चल रहे ट्रेनिंग शेड्यूल और तरीकों पर बहुमूल्य सुझाव देने का मंच प्रदान किया। चर्चा के दौरान कैडेट ट्रेनिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सुझाव दर्ज किए गए, जिन्हें बाद में संकलित करके साझा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एडमिन ऑफिसर कर्नल अजय शामिल हुए और बटालियन के सभी सिविल स्टाफ और परमानेंट इंस्ट्रक्शनल स्टाफ ने भी इसमें हिस्सा लिया, जो इस पहल के पीछे सामूहिक संस्थागत प्रयास को दशार्ता है। 11 यूपी एनसीसी बटालियन के लिए अपनी तरह के इस पहले कार्यक्रम के तौर पर, एलुमनाई मीट की उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। उम्मीद है कि यह बटालियन के कैलेंडर का एक नियमित हिस्सा बन जाएगा, जिससे मौजूदा कैडेट्स और पूर्व कैडेट्स के बीच संस्थागत यादें और मेंटरशिप का संबंध मजबूत होगा। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट अजय कुमार, कैंप एडजेंटेंट कैप्टन नूतन कुमार, सूबेदार मेजर राजविंदर सिंह एवं समस्त पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

# शाहपुर में धान की रोपाई के दौरान दो पक्ष भिड़े

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मगोर्रा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में शुक्रवार रात करीब 10 बजे धान की रोपाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से मां और बेटा घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, खेत में धान की पौध लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और एक नामजद युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली महेश सिंह की पत्नी सरोज देवी और उनके बेटे गोपाल सिंह को लगी, जिससे दोनों घायल हो गएफायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, इसलिए पुलिस एहतियात के तौर पर निगरानी बनाए हुए है। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि धान की रोपाई को लेकर हुए विवाद में एक नामजद युवक ने तमंचे से फायरिंग की थी। इसमें सरोज देवी और उनके बेटे गोपाल सिंह घायल हुए हैं। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

## कक्षा दो के छात्र की मौत के मामले में बस चालक व स्कूल प्रबंधन पर एफआईआर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राल स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में बस हादसे के दौरान छात्र नितिन की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कानूनी कार्रवाई की है। हादसे के बाद से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने बस चालक, स्कूल की प्रधानाचार्या और स्कूल मालिकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# पूर्व राजस्व मंत्री स्व. बाबूराम यादव की 26वीं पुण्यतिथि 21 को मनाई जाएगी

टीएनएफ टुडे, करहल।



प्रदेश की राजनीति में अपनी अलग पहचान और प्रभावशाली छवि रखने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री स्वर्गीय बाबूराम यादव की 26वीं पुण्यतिथि 21 जुलाई को करहल स्थित बाबूराम यादव महाविद्यालय में श्रद्धापूर्वक एवं भव्य रूप से मनाई जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि सभा और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 21 जुलाई को प्रातः 8 बजकर 45 मिनट पर होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन स्वर्गीय बाबूराम यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए वक्ता अपने विचार भी व्यक्त करेंगे।

यह जानकारी पूर्व विधायक अनिल यादव, इंजीनियर रघुनंदन यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल यादव तथा अर्पित यादव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय बाबूराम यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# अवैध तमंचा व दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल पुलिस ने अवैध हथियार रखने के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार थाना करहल क्षेत्र के मड़ापुर रोड से ऋषभ उर्फ कन्हैया, निवासी ग्राम कैरावली, थाना करहल को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

कार्रवाई उपनिरीक्षक रमेश चंद्र द्वारा पुलिस टीम के साथ की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना करहल में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

करहल पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर में से चोरी का आरोप, पीड़ित ने करहल पुलिस को दिया शिकायती पत्र

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

करहल थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने घर से मोबाइल फोन चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा चोरी गया मोबाइल बरामद कराने की मांग की है।

थाना करहल पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 18 जुलाई 2026 की बीती रात की बताई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके घर में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़ित का कहना है कि घर से कीमती सामान और नकदी गायब थी, जिससे परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है।

शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में चोरी हुए सामान का विवरण भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। साथ ही मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आरोपियों के साक्ष्य मिटाने की आशंका है।

घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की मांग की है।

थाना करहल पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल के किशनी रोड़ स्थिति बंबा की पुलिया के निकट आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निर्धारित मार्ग पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई।

आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कई दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन प्रसिद्ध कथावाचिका रश्मि श्रस्त्री द्वारा कथा का वाचन किया गया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# पूर्व एमएलसी ने फीता काटकर किया शिव लाइब्रेरी कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे, करहल।




क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और आधुनिक तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए करहल में शिव लाइब्रेरी कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव ने फीता काटकर संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान आयोजकों ने पूर्व एमएलसी का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। शुभारंभ के बाद पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव ने संस्थान का निरीक्षण किया और संचालकों को इस सराहनीय पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। आज के समय में पुस्तकालय और कंप्यूटर शिक्षा की उपयोगिता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को यदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी तो वे प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान प्रदीप पाल, प्रधान प्रतिनिधि समरपाल यादव एवं श्री चंद्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि करहल क्षेत्र में इस प्रकार के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और कंप्यूटर शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर सुनील पाल, जीराखन सिंह, अशोक पाल, दिनेश, अनिल कुमार, सौरभ पाल, रवी पाल, महेश पाल, पिंकी पाल, रेखा पाल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# दिल्ली प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे छात्र सभा जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट



टीएनएफ टुडे, करहल।



समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हरीश यादव को रविवार को पुलिस ने दिल्ली में सोनम बांगचुंग के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले हिरासत में लेकर हाउस अरेस्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई।

बताया गया कि छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हरीश यादव अपने समर्थकों एवं पदाधिकारियों के साथ दिल्ली जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर उन्हें रोक लिया। इसके बाद उन्हें उनके पैतृक गांव नगला सूरत, थाना करहल स्थित आवास लाया गया, जहां कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच हाउस अरेस्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, हरीश यादव के नेतृत्व में समाजवादी छात्र सभा के कई पदाधिकारी भी दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी में थे। पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना मिलने पर पहले से ही निगरानी बढ़ा दी गई थी। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके।

हाउस अरेस्ट किए जाने की सूचना मिलते ही छात्र सभा के कार्यकताओं में नाराजगी देखी गई। समर्थकों का कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए प्रदर्शन में शामिल होना उनका अधिकार है, जबकि पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया।

वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संभावित अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल हरीश यादव को उनके नगला सूरत स्थित आवास पर पुलिस निगरानी में रखा गया है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# 22 वर्षीय विवाहिता रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

टीएनएफ टुडे, करहल।



थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग वृन्दावन निवासी 22 वर्षीय विवाहिता नीलम पत्नी प्रवीण बीते 17 जुलाई से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने थाना करहल में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

बताते चले कि ऊषा पत्नी नंन्हे निवासी मोहल्ला बाग वृन्दावन ने थाना करहल में तहरीर देकर बताया कि उनकी 22 वर्षीय विवाहिता नीलम पत्नी प्रवीण 17 जुलाई से रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों, परिचितों तथा संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

पुलिस द्वारा दर्ज गुमशुदगी विवरण के अनुसार नीलम की लंबाई लगभग 5 फीट 2 इंच है तथा रंग गेहूंआ है। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद करहल पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी है और आसपास के थाना क्षेत्रों के साथ-साथ आवश्यक स्थानों पर भी सूचना प्रसारित की गई है।

परिजनों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द नीलम की सकुशल बरामदगी की मांग की है। मामले को लेकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है और सभी उसकी सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

थाना करहल पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। महिला की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर पुलिस टीमें सक्रिय हैं तथा आवश्यक तकनीकी और स्थानीय स्तर पर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट का आरोप, आधा दर्जन नामजद सहित अन्य के खिलाफ तहरीर

टीएनएफ टुडे, करहल।




थाना करहल क्षेत्र के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी एक युवक ने आधा दर्जन नामजद लोगों सहित अन्य पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार राशिद उर्फ भोली पुत्र जमील अली निवासी मोहल्ला कानूनगोयान ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था।

आरोप है कि तभी दो कारों से आए शौरे, शरीफ, शानी पुत्र बरकत अली, अख्तर पुत्र नूर मोहम्मद, मोनू, रोहित, फरमान, रिहान पुत्र शरीफ सहित अन्य लोग लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपी घर में घुस आए और बीच-बचाव करने आई उसकी बहन शबाना के साथ भी मारपीट की। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि 17 जुलाई को शानी के साथ हुए एक विवाद में मोहल्ले के लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था, लेकिन उसी रंजिश को लेकर दोबारा हमला किया गया।

थाना करहल पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मौत के दफ्तर में छुट्टियां नहीं होतीः अमर साहेब

## कबीर आश्रम पर हुआ सत्संग का आयोजन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



शहर स्थित कबीर आश्रम में रविवार को महंत अमर साहेब की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संत कबीर साहेब की वाणी का श्रवण किया तथा भजनों के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया।

अपने प्रवचन में महंत अमर साहेब ने कहा कि "शहीदों के नाम डिग्रियां नहीं होतीं, वीरांगनाओं के हाथ में चूड़ियाँ नहीं होतीं। हमें उस रजिस्टर में हाजिरी लगानी है, क्योंकि मौत के दफ्तर में छुट्टियां नहीं होतीं।"

उन्होंने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने सत्य, सेवा, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि संतों के बताए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन सफल और सार्थक बन सकता है।

महंत अमर साहेब ने संत कबीर का प्रसिद्ध दोहा भी सुनाया–

"कबीर कमाई अपनी, निष्फल कबहूँ न जाय।

बोया पेड़ बबूल का, आम कहाँ से खाय॥"

उन्होंने इसका अर्थ बताते हुए कहा कि मनुष्य जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल उसे अवश्य प्राप्त होता है। यदि जीवन में बुरे कर्म, छल, कपट और अहंकार का बीज बोया जाएगा तो सुख और शांति की अपेक्षा नहीं की जा सकती। अच्छे विचार, ईमानदारी, परिश्रम और सेवा भाव ही जीवन में सफलता, सम्मान और आत्मिक सुख प्रदान करते हैं।

सत्संग के दौरान कबीर साहेब के भजनों एवं अमृतवाणी का गायन किया गया, जिससे पूरा आश्रम भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर आत्माराम साहेब, प्रखर दास, सियाराम दास, राजेन्द्र दास, ग्रीस दास, बेचेलाल शास्त्री, चेतन दास, कर्नल सुरेश चन्द्र यादव चंद्रपाल शाक्य, प्रकाश दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## करहल में अग्निवीर भर्ती में फर्जीवाड़े का आरोप,

# दो हाईस्कूल प्रमाणपत्रों से जन्मतिथि बदलकर नौकरी पाने की शिकायत

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



करहल थाना क्षेत्र के गांव अंडनी से अग्निवीर भर्ती में कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। गांव के एक युवक पर आरोप है कि उसने दो अलग-अलग हाईस्कूल प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल कर अपनी जन्मतिथि में बदलाव कराया और उसी के आधार पर अग्निवीर सेना में भर्ती हासिल कर ली। मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हुए जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत के अनुसार, करहल थाना क्षेत्र के गांव अंडनी निवासी एक युवक ने पहले वर्ष 2014 में करहल के अंडनी स्थित विद्यालय से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस प्रमाणपत्र में उसकी जन्मतिथि 12 अप्रैल 1999 दर्ज बताई गई है। आरोप है कि बाद में युवक ने दोबारा वर्ष 2022 में कुसमरा के एक विद्यालय से हाईस्कूल परीक्षा पास की, जिसमें उसकी जन्मतिथि 12 जून 2006 अंकित कराई गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी बदली हुई जन्मतिथि के आधार पर युवक ने अग्निवीर भर्ती की आयु सीमा का लाभ उठाते हुए सेना में नियुक्ति प्राप्त कर ली।

इस संबंध में गांव अंडनी निवासी रोहित कुमार पुत्र शिवस्वरूप ने करहल तहसील प्रशासन को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि युवक ने कूटरचना कर दो अलग-अलग शैक्षिक अभिलेख तैयार कराए और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल की। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ दोनों हाईस्कूल प्रमाणपत्रों की प्रतियां भी संलग्न करने का दावा किया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल सरकारी अभिलेखों के साथ गंभीर छेड़छाड़ का मामला है, बल्कि पात्र अभ्यर्थियों के अधिकारों का भी हनन है। इसलिए संबंधित दस्तावेजों की सत्यता की जांच कर दोषी पाए जाने पर युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए तथा उसकी नियुक्ति की भी जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में इसकी चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित युवक का पक्ष सामने आया है। प्रशासन की ओर से शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शिकायत में लगाए गए आरोप कितने सही हैं। फिलहाल पूरा मामला करहल थाना क्षेत्र के गांव अंडनी का बताया जा रहा है और शिकायत के आधार पर प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।

# दुकान में निकला सांप, दुकानदारों और ग्राहकों में मचा हड़कंप

टीएनएफ टुडे, बरनाहल।

कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शम्भू शाक्य की दुकान में अचानक सांप निकल आने से अफरा-तफरी मच गई। सांप को देखते ही दुकानदार और दुकान पर मौजूद ग्राहक घबराकर बाहर की ओर भाग खड़े हुए। कुछ देर के लिए बाजार में दहशत का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल बायगीर (सांप पकड़ने वाले) को बुलाया। मौके पर पहुंचे बायगीर ने करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और सांप को पकड़ने की प्रक्रिया देखते रहे।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हुई ओटीडी सेल की त्रैमासिक बैठक

## विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति पर दिया जोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।




उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरविन्द सिंह द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में विकास भवन स्थित शताक्षी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में ओटीडी सेल की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य, जनपद स्तर पर निर्धारित दायित्वों तथा विभिन्न विभागों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की

- समन्वित प्रयासों से एटा देगा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति : सीडीओ

अर्थव्यवस्था बनाने में प्रत्येक विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा विभागीय उपलब्धियों एवं प्रगति का नियमित अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में गति लाते हुए जनपद को प्रदेश के आर्थिक विकास में प्रभावी योगदान देना होगा। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रगति एवं कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगामी तिमाही के लिए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जनपद स्तरीय समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समन्वित एवं प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करने के लिए आश्वस्त किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से 38 वर्षीय राजमिस्त्री की दर्दनाक मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- किस कारण राजमिस्त्री पहुंचा रेलवे ट्रैक पर, पुलिस कर रही जाँच
- परिजनों में मचा कोहराम, महिलाओं का करुण क्रंदन

कोतवाली नगर क्षेत्र में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रुस्तम सिंह (38) पुत्र रेशम पाल सिंह, निवासी गांव बारथल, थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है।

रुस्तम सिंह पेशे से राजमिस्त्री थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। घटना की प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र की न्यू संजय नगर कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक पर शनिवार रात लगभग 10 बजे हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसी समय रेलवे लाइन से एक मालगाड़ी गुजरी थी, जिसकी चपेट में आने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना क्षेत्रीय चौकीदार ने थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर धर्मेंद्र पवार ने बताया कि घटना रात्रि लगभग 10 बजे की है।

संभावना है कि उसी दौरान मालगाड़ी गुजरी होगी। युवक किस कारण रेलवे ट्रैक पर पहुंचा, वह कहां जा रहा था और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में इस दर्दनाक घटना को लेकर शोक का माहौल है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी के निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को जारी किया पत्र
- सतत विकास के लिए विज्ञान और नवाचार विषय पर होगी प्रतियोगिता, ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कासगंज रजनेश कुमार ने जिले के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र में विद्यालयों से 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के अधिकाधिक विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

समन्वयक जिला विज्ञान क्लब एवं एनसीएससी यूपी (पश्चिम) डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), भारत सरकार द्वारा पिछले 30 वर्षों से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश (पश्चिम) के 38 जिलों में कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी (आईएससीओएस), लखनऊ को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। वर्ष 2026 की बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान और नवाचार निर्धारित किया गया है।

निदेर्शों के अनुसार विद्यालय स्तर की गतिविधियां अप्रैल से 15 जुलाई तक संपन्न होनी थीं। जबकि ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 20 जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित होंगी। इसके बाद सितंबर से 31 अक्टूबर तक जिला स्तर, नवंबर से 15 दिसंबर तक राज्य स्तर तथा दिसंबर 2026 एवं जनवरी 2027 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं प्रस्तावित हैं।

# तुम रूठा न करो, मिटाए गिले शिकवे, रहेंगे साथ-साथ



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- काउंसलर के सार्थक प्रयास से दंपतियों के मध्य हुई सुलह
- परिवार परामर्श केंद्र की बैठक मे उपस्थित हुए दोनों पक्ष

परिवार परामर्श केंद्र की बैठक एसपी कार्यालय में हुई जिसमें दंपतियों के बीच चले आ रहे आपसी विवादों का निस्तारण की पहल की गई, परामर्श केंद्र के सदस्यों के प्रयास से एक दंपति के बीच सुलह हुई।

एसपी ओ0 पी0 सिंह के निर्देशन हुई बैठक में रानी पुत्री श्यामलाल निवासी पोस्ट सलीमपुर बीबी थाना सोरों जनपद कासगंज बाबू पुत्र भीकम्बर निवासी ग्राम शीतल भाडा थाना हसायन जिला हाथरस का मामला आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र में चल रहा था। दोनों परिवार को परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया तो अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए दोनों पक्ष एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए । आज की बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र के महिला आरक्षी कल्पना व काउंसलर डॉ अंजना बशिष्ट,डॉ अनीता उपाध्याय,शिखा अग्रवाल, प्रिया आदि मौजूद रहे, जिनके सार्थक प्रयास से दोनों आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने को राजी हुए हैं । परिवार परामर्श केन्द्र टीम के उक्त सराहनीय कार्य हेतु दोनों पक्षों द्वारा कासगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है ।

# एसपी ने 16 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया परिवर्तन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से महकमे में फेर बदल किया है सोलह उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले हैं स्थानांतरित किए गए उपनिरीक्षकों को तत्काल नए तैनाती स्थल पर आमद करने के निर्देश दिए हैं।

एसपी ओंकार सिंह ने पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह को कोतवाली कासगंज, जनभेद को थाना ढोलना भेजा है, वहीं संजय कुमार को चौकीप्रभारी इनायती, बनाया है, उपनिरीक्षक रविंदर को थाना सिद्धपुरा, नीरज को थाना सुनगढ़ी, होमसिंह को थाना पटियाली, रमेश कुमार को थाना अमापुर, अरविंद को कोतवाली कासगंज, राजेद्र सिंह, सर्वेश को कोतवाली सोरों, विजेंद्र का थाना गंजडुंडवारा, गंभीर सिंह को थाना सहावर , गंभीर सिंह को पीआरवी 112, उपनिरीक राजभूषण को थाना अमापुर से चौकी प्रभारी कस्वा पटियाली, चंद्र प्रकाश को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी लहरा, उपनिरीक्षक करन सिंह को चौकी प्रभारी इनायती से थाना सिकन्दरपु वैश्य स्थानांतरित किया है। एसपी ओमप्रकाश सिंह ने सभी स्थानांतरित किए हुए उपनिरीकों को तत्काल नए तैनाती स्थल पर आमद कराने के आदेश दिए हैं।

# महादेवी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती महादेवी महाविद्यालय भारौल के महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव डॉ. सुनील कुमार एवं प्राचार्य डॉ डी पी सिंह व चीफ प्रॉक्टर डॉ एमएस उस्मानी ने माँ के नाम पर पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पेड़ भी हमें जीवनदायी ऑक्सीजन और छाया देते हैं। प्रत्येक छात्र को अपनी माँ के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओ ने भी परिसर में नीम, पीपल, बरगद, आम, अमरूद सहित कई छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए । इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ एम एस उस्मानी, डॉ ब्रजेश कुमारी, सोनी यादव, ज्योति शर्मा, औरंगजेब, गौतम राजपूत, ब्रह्ममहेश, भोजराज सिंह, वरुण कुमार, असद, अंकित यादव, मुकेश, धर्मेंद्र, अनूप पाठक आदि मौजूद रहे ।

# फोरेन्सिक टीम ने मुठभेड़ वाले स्थान का निरीक्षण कर किया सीन क्रिएट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

इटावा जिले की एसओजी और जिले की पुलिस की संयुक्त टीमों की लुटेरों से हुई मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो इनामी लुटेरों को दो दिन पहले शुक्रवार को ढेर कर दिया गया था। जिसके बाद एसओजी प्रभारी इटावा, सर्विलांस टीम प्रभारी इटावा और थाना पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस ने दोनों मुठभेड़ स्थलों से साक्ष्य संकलन किया। पुलिस को देख ग्रामीणों में विभिन्न बातों को जानने की जिज्ञासा बनी रही। यहां फोरेन्सिक टीम ने सीन क्रियेट भी किया। शिकोहाबाद थाना पुलिस के साथ एसओजी इटावा और इटावा की फोरेन्सिक टीम ने कागजी कार्य पूरा करने के साथ ही फोरेन्सिक टीम ने नीम खेरिया गांव के मुठभेड़ स्थल जहां सुमित यादव को एनकाउंटर में मार गिराया था, वहां पहुंची और वहां से साक्ष्य संकलन किए तथा ग्रामीणों से भी पूछताछ की। इसके बाद मोहब्बतपुर अहीर को जाने वाले मार्ग पर मक्का के खेत में पहुंची, जहां अंकित बाथम को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। दोनों ही स्थानों पर फोरेंसिक टीम के सदस्यों ने साक्ष्य एकत्रित किए। इसके साथ ही कुछ चश्मदीद ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किए। इसके साथ ही पुलिस ने सीन क्रियेट भी किया। जिसके बाद आरोपियों के लगी गोलियों और खोखे बरामद किए गये। इधर इस कांड की विवेचना प्रमोद पंवार द्वारा की जाएगी । पुलिस सूत्रों के अनुसार सीन रिक्रिएशन , विवेचना आदि में लगभग 20 दिन से अधिक का समय लगेगा।

# ट्राई उपभोक्ता जागरूकता: डिजिटल सुरक्षा एवं उपभोक्ता अधिकारों की दी जानकारी

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), एटा में शनिवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ळफ्अक) द्वारा एक दिवसीय "उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों, डिजिटल सेवाओं तथा साइबर ठगी से बचाव के प्रति आमजन एवं प्रशिक्षार्थियों को जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ ट्राई भोपाल रीजन के अधिकारी मयूर टोप्लो, आरएसवीएस संस्था के डॉ. ए.डी. उस्मानी तथा राजकीय आईटीआई, एटा के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मयूर टोप्लो ने कहा कि ट्राई उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने मोबाइल सेवाओं में अनचाहे कॉल एवं संदेश, कॉल ड्रॉप, रिचार्ज की पारदर्शिता तथा शिकायत निवारण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. ए.डी. उस्मानी ने डिजिटल युग में उपभोक्ता जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी से सतर्क एवं जागरूक रहने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आम नागरिकों एवं युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया, ताकि सभी डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपने प्रश्न पूछकर समाधान प्राप्त किया। ट्राई के प्रतिनिधियों ने शिकायत दर्ज कराने हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन 198, 1098 एवं 1930 तथा ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की जानकारी भी दी। साथ ही उपभोक्ता जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का संयोजन श्री हेमराज बघेल, जॉनी कुमार एवं श्री नमित कुमार ने किया।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त कार्यदेशक, अनुदेशक एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं एवं आम नागरिकों में दूरसंचार सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा वे साइबर अपराधों से बचाव के लिए अधिक सतर्क बनते हैं।

# बाइक सवार ने रिक्शा चालक को मारी टक्कर, हुआ फ्रैक्चर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

पिछले दिनों एक रिक्शा चालक को एक बाइक सवार द्वारा टक्कर मार दी थी, जिससे बुजुर्ग रिक्शा चालक के पैर, कूल्हे में फ्रेक्चर आया है । जानकारी के मुताबिक अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री मनीराम गुप्ता निवासी सुभाष चौराहा गंगेश्वर पाठशाला के पास रहता है तथा रिक्शा चलाकर अपना तथा अपने पुत्र का भरण पोषण करता है । बीती 12 जुलाई को रात करीब 10 बजे अनिल कुमार दिनभर चलाने के बाद अपना रिक्शा खड़ा करके सुभाष तिराहा से मंदिर की तरफ पैदल पैदल जा रहा था, तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने लापरवाही तथा तेज गति से चलाते हुए उसको टक्कर मार दी।

जिसमें अनिल सड़क पर गिर पड़े तथा काफी चोट लगी। इसके बाद लोगों ने उनको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसके फ्रैक्चर होने की बात कही । बुजुर्ग अनिल का कहना है कि वह गरीब व्यक्ति है।

इधर लोगों का कहना है कि रिक्शा चालक को टक्कर मारने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए । साथ ही गरीब रिक्शा चालक को मुआवजा दिलाया जाए ।

# निरन्तर कम हो रहा बैराजों से गंगा में पानी का डिस्चार्ज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कछला गंगा नदी के जल स्तर में लगातार रिकार्ड की जा रही गिरावट
- सिंचाई विभाग और तट वर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों की कम हुई चिंता

बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम होने से गंगा नदी में भी पानी का दवाब कम हो है। बीते तीन दिनों में गंगा का जलस्तर घटा है। जिससे किसानों और सिंचाई विभाग की चिंता कम होती दिखाई दे रही है। रविवार का कछला गंगा नदी पर गंगा का जल स्तर 161.10रिकार्ड किया गया है।

कछला गंगा नदी रौद्रता की ओर बढ़ रही थी जिससे किसानों और सिंचाई विभाग की नीद उड़ी हुई थी जिला प्रशासन भी चौकन्ना था। गंगा वार्निंग लेवल से मात्र चालीस सेंटीमीटर की दूरी पर ही रह गई थी। लेकिन बीते तीन दिनों में गंगा का रुख नर्म पड़ा है। बैराजों से पानी का डिस्चार्ज निरन्तर कम हो रहा है। जिसके फलस्वरूप कछला गंगा नदी के भी तेवर ढीले पड़े हैं गंगा के जल स्तर ने भी गिरावट आई है। गंगा का जल स्तर घटकर 161.10पर आ पहुंचा है। जल स्तर कम होने से तट वर्तीय ग्रामों के किसानों,ग्रामीणों और सिंचाई विभाग की चिंता कम हुई है।

**बैराजों से पानी का डिस्चार्ज**

हरिद्वार बैराजः 26103क्यूसेक
बिजनौर बैराजः 37665क्यूसेक
नौरारा बैराजः14818क्यूसेक

**बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम हुआ है, जिसके फलस्वरूप कछला पर भी पानी के स्तर में कमी आई है। रविवय को गंगा में पानी का स्तर 161.10मीटर रिकॉर्ड किया गया है।**
**-संदीप जैन एसडीओ सिंचाई विभाग**

# स्टंट व हुड़दंगबाजी कर कार में सवार चार हुड़दगी दबोचे, तीन वाहन किए सीज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

थाना रिजोर पुलिस द्वारा स्टंट व हुड़दंग बाजी कर कार में सवार होकर नियमों का उल्लंघन करने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। स्टंट बाजी में प्रयुक्त 03 गाड़ियों को भी पुलिस ने सीज किया है।

जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा डॉ. इलामारन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्वेताभ पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सकीट नीतीश गर्ग के कुशल नेतृत्व में शनिवार को रिजोर पुलिस द्वारा एटा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, थाना रिजोर में स्टंट व हुड़दंग बाजी कर कार में सवार होकर नियमों का उल्लंघन करते हुए लोगों की वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर थाना रिजोर पुलिस द्वारा ५ एक्ट में 03 गाड़ियों को सीज किया है, और शांति भंग करने पर 04 अभियुक्तों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में

साजन पुत्र युदेश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी यदुवंश नगर थाना कोतवाली नगर एटा, सोनू पुत्र मुकेश उम्र करीब 19 वर्ष , सोनू पुत्र दिनेश उम्र करीब 22 वर्ष, विकाश यादव पुत्र धर्मेन्द्र उर्फ बाबा उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण गंगनपुर थाना कोतवाली नगर, एटा शामिल हैं।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उ.नि. आकाश सिवाच, का. विनय कुमार, रि.का. तनुज कुमार आदि शामिल हैं।

**सड़क पर लफंगई, यहाँ नहीं चलेगी**

जनपद एटा के थाना कोतवाली रिजोर पुलिस ने सड़क पर एसयूवी गाड़ियों से स्टंटबाजी कर रेल बनाने वाले हवाबाजों पर कार्यवाही करते हुए तीन एसयूवी गाड़ियों को हिरासत में लेकर चार युवकों का चालान कर दिया।

**इनका हुआ चालान**

पुलिस ने तीनों एसयूवी गाड़ियों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सील कर दिया है।

जिन लोगों का चालान हुआ है उन चालान होने वाले युवकों के नाम विकास यादव, सोनू यादव, सोनू व साजन यादव बताए जा रहे हैं। इनमें से विकास यादव जिला पंचायत के वार्ड सं०-17 से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ने का इच्छुक प्रत्याशी बताया जा रहा है।

**संदेश साफ है, अराजकता और लफंगई बर्दाश्त नहीं होगी**

थाना कोतवाली रिजोर पुलिस की कार्यवाही साफ संदेश देती है, आप कोई भी हों, किसी भी परिस्थिति में अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी' सड़क आम जनता की आवागमन के लिए है स्टंट बाजी के लिए नहीं' स्टंटबाजी पर पुलिस प्रभावी कार्यवाही करेगी।

# गुड़गांव में मक्खनपुर क्षेत्र के युवक की हुई मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

हरियाणा प्रांत के गुड़गांव में मक्खनपुर क्षेत्र के बझेरा के एक युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं गांव में भी इस हादसे से युवक की मौत से गमगीन माहौल है। मक्खनपुर थाना क्षेत्र के गांव बझेरा निवासी 22 वर्षीय शिव चौहान गुड़गांव में रहकर टैक्सी चलाता है। वहां पर वह टैक्सी चला रहा था।

इसी दौरान ई रिक्शा पर लगे सरिया के बंडल से टैक्सी टकरा गई तथा इसमें शिवचौहान की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलने पर परिजन गुड़गांव पहुंचे , वहीं हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लेकर पहुंचे, जहां पर अंतिम संस्कार किया गया है ।

# मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।** एसपी ओ0 पी0 सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर सुआंचल चौहान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जगदीश चन्द्र ने पुलिस फोर्स के साथ सुमन्त यादव प निवासी ग्राम जिटौली थाना निधौली कलां जनपद एटा को अमांपुर फाटक से सहावर फाटक को जाने वाले रास्ते से मय 485 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम) व तस्करी में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार करने बाली टीम में इंस्पेक्टर जगदीश चन्द्र उपनिरीक्षक संदीप वर्मा, उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह , मुख्य आरक्षी कृष्णकान्त, आरक्षी नरेन्द्र कुमार कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज शामिल रहे

TNF TODAY | टीएनएफ टुडे — थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, सोमवार
20 जुलाई 2026


# फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल आज

## टूर्नामेंट में 60 साल बाद भिड़ेंगे स्पेन और अर्जेंटीना, मेसी लगातार दूसरा फाइनल खेलेंगे

एजेंसी, कार्डिफ।

फीफा वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज स्पेन और अर्जेंटीना के बीच होगा। टूर्नामेंट में दोनों टीमें 60 साल बाद आमने-सामने हो रही हैं। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में रात 12:30 बजे से मुकाबला खेला जाएगा। स्पेन 2010 के बाद दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने उतरेगा। दूसरी ओर डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना के पास चौथी बार ट्रॉफी जीतने और लगातार दूसरा वर्ल्ड कप अपने नाम करने का मौका होगा। जीत दर्ज करने पर अर्जेंटीना की टीम इटली (1938) और ब्राजील (1962) के बाद लगातार दो वर्ल्ड कप जीतने वाली तीसरी टीम बन जाएगी।



### दोनों टीमें बराबरी पर

दोनों टीमों के बीच अब तक 14 मुकाबले खेले गए हैं। दोनों ने 6-6 मैच जीते हैं और 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। वर्ल्ड कप में दोनों की अब तक सिर्फ एक भिड़ंत हुई है। 1966 में अर्जेंटीना ने स्पेन को 2-1 से हराया था। वहीं पिछली भिड़ंत 2018 के दोस्ताना मैच में हुई थी, जिसमें स्पेन ने अर्जेंटीना को 6-1 से मात दी थी।

### करीब 19 साल पहले मेसी ने यमाल को गोद में उठाया था

इस फाइनल की सबसे बड़ी कहानी लियोनेल मेसी और लामिन यमाल की है। मेसी अर्जेंटीना के सुपर स्टार हैं तो यमाल स्पेन की युवा सनसनी। मेसी स्पेन के ही क्लब बार्सिलोना के लिए खेलते थे। करीब 19 साल पहले बार्सिलोना के एक चैरिटी फोटोशूट में मेसी ने तीन महीने के यमाल को गोद में उठाकर नहलाया था। तब मेसी खुद 20 साल के थे। आज वही यमाल पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेसी के सामने उतरेंगे। यह तस्वीर 2024 में वायरल हुई थी और अब फुटबॉल इतिहास की सबसे चर्चित कहानियों में शामिल है।

### स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया

लुइस डे ला फुएंते की टीम की शुरूआत केप वर्डे के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से हुई थी। इसके बाद स्पेन ने लगातार छह मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, बेल्जियम और सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया। पूरे टूर्नामेंट में स्पेन ने सिर्फ एक गोल खाया। गोलकीपर उनाई सिमोन ने वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा छह क्लीन शीट का रिकॉर्ड बनाया। वहीं कप्तान रोड्री ने रिकॉर्ड 648 सफल पास पूरे किए।

### स्पेन की डिफेंस Vs अर्जेंटीना का अटैक

फाइनल में सबसे बड़ी टक्कर स्पेन की डिफेंस और अर्जेंटीना के अटैक के बीच होगी। स्पेन ने सिर्फ एक गोल खाया है, जबकि अर्जेंटीना ने 19 गोल दागे हैं। रोड्री, कुबार्सी और कुकुरेला पर मेसी को रोकने की जिम्मेदारी होगी, जबकि अर्जेंटीना की उम्मीदें मेसी, जूलियन अल्वारेज और एंजो फर्नांडीज पर टिकी होंगी।

### पॉसिबल स्टार्टिंग I

**स्पेन:** उनाई सिमोन (गोलकीपर), पेड्रो पोरो, पाउ कुबार्सी, आयमेरिक लापोर्टे, मार्क कुकुरेला, रोड्री (कप्तान), फेबियन रुइज, लामिन यमाल, दानी ओल्मो, एलेक्स बेएना, मिकेल ओयारजाबाल।

**अर्जेंटीना:** एमिलियानो मार्टिनेज (गोलकीपर), नहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, लिसांद्रो मार्टिनेज, निकोलस टैग्लियाफिको, लिएंड्रो परेडेस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज, गिउलियानो सिमियोने, लियोनेल मेसी (कप्तान), जूलियन अल्वारेज।

### अर्जेंटीना लगातार सात जीत के साथ फाइनल में

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन को हराया। इसके बाद केप वर्डे, मिस्र, स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई।
मिस्र के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पिछड़कर 2-1 से जीत ने टीम की चैंपियन मानसिकता दिखाई। अर्जेंटीना ने लगातार सात मुकाबले जीते हैं और इस विश्व कप में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं।

### गोल्डन बूट की रेस में एमबाप्पे सबसे आगे

एमबाप्पे गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 10 गोल और 4 असिस्ट किए हैं। वहीं, मेसी दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 8 गोल और 4 असिस्ट किए हैं। दूसरी ओर स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल 5 गोल के साथ टीम के टॉप स्कोरर हैं, जबकि 19 साल के यमाल 30 सफल ड्रिब्ल के साथ टूर्नामेंट के सबसे इम्पैक्टफुल विंगर रहे हैं।

# हिटमैन का बल्ला गरजा: रोहित लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय

एजेंसी, लंदन।

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शानदार बल्लेबाजी की। रोहित ने अपने वनडे करियर का 34वां शतक लगाया। दिलचस्प बात यह है कि रोहित लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर वनडे में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाजी हैं। उनसे पहले 50 ओवर के प्रारूप में अब तक कोई भारतीय बल्लेबाज लॉर्ड्स में सैकड़ा नहीं जड़ सका था। जैकब बेथेल ने हालांकि, रोहित को अपना शिकार बनाया जो 110 गेंदों पर 17 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 138 रन बनाकर आउट हुए। रोहित और विराट कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रनों की साझेदारी हुई।

### लॉर्ड्स में शतक लगाने वाले उम्रदराज बल्लेबाज

इंग्लैंड ने इस मैच में भारत के सामने 388 रनों का लक्ष्य दिया। भारत के लिए रोहित और कप्तान शुभमन गिल ने पारी का आगाज किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की। गिल हालांकि, अपना विकेट गंवा बैठे और 77 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ पारी को आगे बढ़ाया। रोहित ने तेजी से खेलते हुए 84 गेंदों पर शतक पूरा किया। रोहित लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने के वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। रोहित ने 39 साल और 80 दिन की उम्र में ऐसा किया है।



### इंग्लैंड में भारत के लिए सर्वाधिक शतक

रोहित ने इंग्लैंड में आठवां शतक लगाया और वह किसी एक विदेशी देश में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित से ज्यादा इंग्लैंड में वनडे शतक जो रूट ने लगाए हैं। रूट इंग्लैंड में 10 वनडे शतक लगा चुके हैं। सचिन तेंदुलकर ने यूएई में सात वनडे शतक लगाए हैं।

### लॉर्ड्स में भारत के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी

रोहित और गिल ने इस मैच में शतकीय साझेदारी की। ये भारत के लिए लॉर्ड्स में वनडे में की गई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। भारत के लिए इस मैदान पर वनडे में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। रैना और धोनी ने 2014 में इस मैदान पर पांचवें विकेट के लिए 169 रनों की साझेदारी की थी।

### गांगुली को पीछे छोड़ा

रोहित लॉर्ड्स में सर्वोच्च वनडे स्कोर बनाने वाले भारतीय बन गए। रोहित ने पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गांगुली ने 2004 में लॉर्ड्स में 90 रन बनाए थे, लेकिन रोहित ने इस रिकॉर्ड को अब अपने नाम कर लिया है। इस सूची में तीसरे स्थान पर मोहम्मद कैफ हैं जिन्होंने 2002 में नाबाद 87 रनों की पारी खेली थी।

# मनोरंजन

## 'सपने सच होते हैं मगर', सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुने जाने के बाद यामी गौतम ने कही ये बात

अभिनेत्री यामी गौतम को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया है। उन्हें फिल्म 'आर्टिकल 370' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इसके अलावा उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया है। इस कामयाबी से अभिनेत्री खुश हैं। पुरस्कार मिलने पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है।

### खास है पल

अभिनेत्री ने पुरस्कार मिलने के बाद एक्स पर लिखा 'हर सफर में एक ऐसा पल आता है, जो आपको याद दिलाता है कि आपने हार क्यों नहीं मानी। आज मेरे लिए वही पल है। 'आर्टिकल 370' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं जिंदगी भर याद रखूंगी।'

### ईमानदारी से काम किया

उन्होंने आगे लिखा 'चौदह वर्षों से, मैंने बस अपने काम के प्रति ईमानदार रहने, ईमानदारी से काम करने और अपनी परफॉर्मेंस को ही अपनी पहचान बनाने की कोशिश की है। यह सम्मान उम्मीद, हिम्मत, मजबूती और सिनेमा के लिए अटूट प्यार से भरे सफर का नतीजा लगता है। यह एक ऐसा सपना है, जिसे मैंने वर्षों से अपने दिल में संजोकर रखा था और आज, मैं इसे बहुत आभार और विनम्रता के साथ स्वीकार कर रही हूं।'

### यामी गौतम ने जताया आभार

उन्होंने फिल्म 'आर्टिकल 370' को चुनने के लिए और इसे पुरस्कार देने के लिए आभार जताया है। उन्होंने लिखा 'मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे शुभचिंतकों और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने उतार-चढ़ाव के हर दौर में मुझ पर भरोसा किया। आपके भरोसे ने मुझे आगे बढ़ते रहने की हिम्मत दी, तब भी जब मंजिल बहुत दूर लगती थी।'

### सपने सच होते हैं

उन्होंने आगे लिखा 'यह अवॉर्ड किसी सपने का अंत नहीं है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी की शुरूआत है। सपने सच होते हैं, लेकिन तभी जब आपका जुनून हार मानने से इनकार कर दे। यह उन सभी सपने देखने वालों के लिए है, जो अभी भी अपने उस खास पल का इंतजार कर रहे हैं। कभी भी भरोसा करना न छोड़ें।'



## ईशा ने ओटीटी के बोल्ड कंटेंट पर रखी बेबाक राय, बोलीं-कोई संत नहीं है



टेलीविजन अभिनेत्री ईशा सिंह रियलिटी शो 'बिग बॉस' सीजन-18 में नजर आई थीं। वह शो की फाइनलिस्ट बनीं और शानदार तरीके से खेलते हुए छठे स्थान पर रही थी। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में हाल ही में ओटीटी और टीवी रियलिटी शोज की बात की। उन्होंने बताया कि ओटीटी रियलिटी शोज 'अलायंस' और 'लॉक-अप' लोगों की असलियत दिखा रहे हैं। लोग अगर गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो वो उनकी असलियत है। असल जिंदगी में लोग अक्सर ऐसे ही बात करते हैं। अभिनेत्री रियलिटी शो 'बिग बॉस' सीजन-18 का हिस्सा रह चुकी हैं। उनसे जब आईएएनएस ने 'लॉक अप' और 'अलायंस' जैसे शो से आने वाले बोल्ड कंटेंट के बारे में पूछा, तो अभिनेत्री ने बताया कि यह शो ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहे हैं, तो उनके पास सीन हो या भाषा के लिए ज्यादा आजादी है।

अभिनेत्री ईशा सिंह ने कहा, "देखिए, जब हमारे दर्शक इन शो को देखते हैं, तो वे बोलते हैं कि ऐसी अभद्र भाषा में बात कर रहे हैं। मेरा मानना है कि लोग असल जीवन में ऐसे ही बात करते हैं, हालांकि फर्क बस इतना है कि ओटीटी शोज में दिखता है, जबकि बिग-बॉस टीवी पर प्रसारित होता है, इसलिए उसमें एडिट कर दिया जाता है।"

उन्होंने आगे कहा कि टेलीविजन में ओटीटी के मुकाबले पाबंदियां थोड़ी ज्यादा हैं, जिससे क्रिएटर्स किरदारों को ज्यादा असली तरीके से दिखा पाते हैं। उन्होंने कहा, "देखिए, कोई संत नहीं है। सब ऐसे ही बातें करते हैं। स्क्रीन के मुकाबले लोग असल जीवन में बिल्कुल अलग होते हैं। मुझे लगता है कि ठीक है अभी लोग भी इसे पसंद कर रहे हैं। वे 'लॉक अप' और 'बिग बॉस' देख रहे हैं। मुझे लगता है कि लोगों को बस पसंद आना चाहिए।"

अभिनेत्री ईशा सिंह इस समय कलर्स टीवी के नए शो 'जूही मुई' में मुख्य भूमिका (जूही सूरी का किरदार) निभा रही हैं। यह शो एक ऑटिज्म से जूझ रही प्रतिभाशाली लड़की की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपने परिवार की संपत्ति बचाने के लिए खुद वकील बनती है।



## 'बहुत घटिया', एआई के इस्तेमाल पर नाराज हुईं सोनम कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अपने शानदार फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने डिजाइनर्स के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर अपनी राय रखी है। एक्ट्रेस ने एआई की आलोचना की और कहा कि यह कलाकारों के लिए नहीं है। सोनम ने की एआई की आलोचना
सोनम कपूर ने एआई की आलोचना करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा 'मैं डिजाइनर्स के चीजें बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल से तंग आ चुकी हूं। सब कुछ एक जैसा लगता है। बहुत घटिया।'

### सोनम ने की ये अपील

उन्होंने कलाकारों से अपने क्रिएटिव काम में एआई का इस्तेमाल न करने की अपील की और कहा 'प्लीज मेरी बात मानिए, यह कूल नहीं है। एआई कलाकारों के लिए नहीं है। यह आपके काम को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए एक सपोर्ट सिस्टम है, न कि कुछ बनाने के लिए। मैं इससे बहुत निराश हूं।'

### सोनम ने खींचा सबका ध्यान

अभिनेत्री का यह पोस्ट तब आया है, जब उन्होंने अपनी चचेरी बहन अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर की शादी के कार्यक्रमों में अपने ग्लैमरस लुक से सबका ध्यान खींचा था। अंशुला और रोहन ने 6 जुलाई 2026 को एक निजी समारोह में शादी की थी।

### कब हुई सोनम कपूर की शादी?

वहीं सोनम कपूर की शादी भारतीय कारोबारी आनंद आहूजा से हुई है। इस जोड़े ने 2018 में एक शानदार समारोह में शादी की थी। अगस्त 2022 में उनके पहले बेटे वायु का जन्म हुआ। यह जोड़ा 29 मार्च को दूसरी बार माता-पिता बना और उन्होंने अपने बेटे का नाम रुद्रलोक कपूर आहूजा रखा।

### सोनम कपूर का वर्कफ्रंट

काम की बात करें तो, सोनम कपूर आखिरी बार 2023 की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आई थीं। यह 2011 की इसी नाम की कोरियाई फिल्म का रीमेक है। शोम मखीजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म से सोनम ने 'द जोया फैक्टर' के छह साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी।




## इस हफ्ते ने ऐसा इक्का चलाया कि धमाल ही मच गया: संजीदा

अभिनेत्री संजीदा शेख इन दिनों अपनी फिल्म 'धमाल-4' और 'इक्का' की रिलीज का लुत्फ उठा रही हैं। अभिनेत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि अलग-अलग समय पर बनी फिल्में एक ही दिन रिलीज हो जाएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को अनोखा बताया। अभिनेत्री संजीदा शेख ने शब्दों से खेलते हुए लिखा, ''इस हफ्ते ने ऐसा इक्का चलाया कि धमाल ही मच गया। क्या शानदार और यादगार हफ्ता रहा। किस्मत भी कभी-कभी बहुत खूबसूरत तरीके से चीजों को जोड़ देती है। अलग-अलग समय पर शूट की गई 'धमाल 4' और 'इक्का' एक ही दिन रिलीज होंगी, ऐसा मैंने कभी नहीं सोचा था। अभी भी इस एहसास को महसूस कर रही हूं। दर्शकों द्वारा मिले प्यार, खुशी और सम्मान के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मैं अभी इस प्यार को पूरी तरह महसूस करने की कोशिश कर रही हूं। आप सभी के प्यार और हौसला बढ़ाने के लिए दिल से धन्यवाद। आपका प्यार मुझे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। शुक्रिया।'' फिल्म 'धमाल-4' में संजीदा शेख अहम भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म में वह अरशद वारसी (आदि) और जावेद जाफरी (मानव) की जोड़ी वाली तीसरी टोली का हिस्सा हैं, जहां वह 'भाभी' (आदि की पत्नी) का किरदार निभा रही हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, रवि किशन, संजय मिश्रा, उपेंद्र लिमये, अंजलि आनंद और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म 'इक्का' एक हाई स्टेक्स लीगल थ्रिलर में संजीदा शेख ने 'गौरी' (शौर्यमान की पत्नी) की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके किरदार को कहानी के अनुसार अहम, लेकिन सीमित स्क्रीन स्पेस वाला बताया गया है।

'धमाल-4' और 'इक्का' दोनों ही फिल्में 10 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज हुईं। कॉमेडी ड्रामा थिएटर में आई, जबकि एक्शन थ्रिलर का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हुआ।